राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 292
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 15 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में नई कंपनी करेगी गोल्फ कोर्स का निर्माण
पेज 4 सीएम से मिले विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज
पेज 6 श्रेयस की कप्तानी में 16 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने टेकऑफ से पहले अचानक रोक दिया। फ्लाइट रनवे पर दौड़ चुकी थी, आखिरी वक्त पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन को टेकऑफ के लिए थ्रस्ट यानी प्रेशर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। विमान (6-ई-2111) में सपा प्रमुख अखिलेश की सांसद पत्नी डिंपल यादव समेत 151 यात्री सवार थे। अचानक विमान रुकने से यात्री सहम गए। हालांकि, बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया।

### ओडिशा में 8 बच्चों की आंखों में इंस्टैंट ग्लू डाला

**ओडिशा।** ओडिशा के कंधमाल जिले के एक स्कूल के हॉस्टल में कुछ बच्चों ने शरारत करने के इरादे से 8 बच्चों की आंखों में सोते समय इंस्टेंट ग्लू (तुरंत चिपकाने वाला ग्लू) डाल दिया। इससे बच्चों की पलकें चिपक गईं।सुबह जब बच्चे उठे, तो अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे थे। उनकी आंखों में दर्द और जलन भी थी। वे रोने-चिल्लाने लगे। उनकी चीखें सुनकर हॉस्टल के प्रशासन को घटना की जानकारी मिली। अधिकारियों ने बच्चों को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें फूलबनी के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। मामला जिले के सेवाश्रम स्कूल के हॉस्टल का है। पीड़ित छात्र कक्षा 3, 4 और 5 के हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक शराबी अपने दोस्त से -
आज तब तक पीएंगे जब तक,
वो सामने वाले तीन पेड़ छह नहीं
दिखने लगें...!
बगल से जा रहा व्यक्ति बोला -
बस करो भाई...
सामने एक ही पेड़ है...!
अब क्या जंगल
बनाओगे...?



## शायरी

देख के उनकी ये बर्बरता,
अब रगो का खून खौल उठा हैं।
हमें खून के बदले खून चाहिए,
अब तो यह बात गूंगा भी बोल चुका हैं।

## अर्थसार



संसेक्स:
81,904.70
+355.98 (0.44%)
निफ्टी:
25,114.00
+108.50

## मौसम




अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 10
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 35

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप

## 10 सेकेंड तक झटके महसूस हुए, 4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में केंद्र था

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।



हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया था कि इस इलाके में हर दो से तीन साल में हल्के झटके महसूस किए जाते हैं। इससे पहले 2015 में यहां 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के साथ एक तेज आवाज भी सुनाई दी, जिससे कई लोग डर गए।

### भूकंप क्यों आता है?

हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में 2 करोड़ से ज्यादा मामलों का निपटारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने शनिवार को देश के 29 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के तालुकों या तहसीलों, जिलों और उच्च न्यायालयों में इस साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। इस लोक अदालत में 2.42 करोड़ से अधिक मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत का मकसद जनता को तेज, सुलभ और किफायती न्याय दिलाना है। नालसा की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक शाम 6: 30 बजे तक कुल 2,42,55,036 मामलों का निपटारा हुआ। इनमें 2,10,44,809 प्री-लिटिगेशन मामले और 32,10,227 लंबित मामले शामिल रहे।

## एशिया कप- भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

### कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छक्का लगाकर जिताया, पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया



भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए।

मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टॉस के बाद भी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह भारत भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच था।

### विरोध प्रदर्शन



लखनऊ में भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

### 670 ड्रोन खरीदेंगी भारतीय सेनाएं

नई दिल्ली। भारतीय सेना आने वाले कुछ वर्षों में और भी एडवांस ड्रोन को शामिल करने वाली है। इन ड्रोन की मदद से न केवल सीमा की निगरानी की जाएगी बल्कि, 24 घंटे दुश्मन सेना पर निगाह रखेंगे। दरअसल, हाल के दिनों में 15 वर्षीय रक्षा आधुनिकरण रोडमैप के तहत यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि भारत की सेनाएं युद्ध में उपयोगी, सर्विलांस में अलग-अलग उपयोग किए जाने वाले ड्रोन खरीदने की योजना बना रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह योजना टेक्नोलॉजी पर्स्पेक्टिव एंड कैपबिलिटी रोडमैप में पेश की गई है। इस योजना का उद्देश्य भारत की सेनाओं की भविष्य की तकनीकी जरूरतों का खाता तैयार करना है। इसके पीछे की वजह है कि रक्षा उद्योग इस संबंध में पहले से तैयारी कर सके और देश में ही हथियारों से लैस ड्रोन बना सके। बता दें कि हाइब्रिड आरपीए जिसको सामान्य भाषा में रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट भी कहते हैं, एक ऐसे प्रकार का ड्रोन है जो फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग दोनों तकनीकों को जोड़ते हैं।

# जयपुर में रिंग रोड से गिरी कार, 7 लोगो की मौत

### अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से लौट रहे थे दो परिवार,16 फीट नीचे पानी में गिरी गाड़ी

**जयपुर।** जयपुर में एक कार बेकाबू होकर रिंग रोड से नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार दो परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। हादसा शिवदासपुरा थाना इलाके में प्रहलादपुरा के पास शनिवार देर रात हुआ।

रविवार दोपहर करीब 12: 30 बजे अंडरपास में भरे पानी में क्षतिग्रस्त कार उलटी पड़ी दिखाई दी। लोगों ने कार देखकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला तो चौंक गई। कार में 7 लोगों के शव थे। पुलिस ने कार में फंसे शवों को निकाला। महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।



### हरिद्वार में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थे

एसएचओ सुरेंद्र सैनी ने बताया- वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव (38), पत्नी मधु (36) और बेटे रुद्र (14 महीने) और फुलियाकलां (भीलवाड़ा) निवासी उनके रिश्तेदार अशोक वैष्णव उर्फ कालूराम (47), उनकी पत्नी सीमा देवी (45), बेटे रोहित (23) और पोते गजराज (3) की मौत हो गई।

रामराज टैक्सी चलाते थे। उनके चार बेटी और हैं। कालूराम के पिता का निधन हो गया था।

शुक्रवार को तीये की बैठक के बाद दोनों परिवार के सात लोग अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार गए थे। वे अस्थि विसर्जन कर देर रात कार से जयपुर लौट रहे थे।

शिवदासपुरा इलाके में प्रहलादपुरा के पास रिंग रोड पर ओवर स्पीड कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद रिंग रोड से 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में गिर गई।

# अहमदाबाद में मर्सिडीज की डिग्गी में मिली बिल्डर की लाश

## कार पार्क करते नजर आए हत्यारे, एक नाबालिग समेत तीन आरोपी राजस्थान से अरेस्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार रात को एक नामी बिल्डर की लाश सफेद रंग की मर्सिडीज कार की डिग्गी में मिली। कार विराटनगर ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग में खड़ी थी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो पता चला कि शव डिग्गी में रखकर हत्यारों ने ही कार पार्क की थी।



इस मामले में पुलिस ने सोमवार सुबह राजस्थान के सिरोही से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान हिमांशु उर्फ राहुल हरीशभाई राठौड़ (निवासी-अहमदाबाद) और पप्पू हीराजी मेघवाल (निवासी-राजस्थान) के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी नाबालिग है। पुलिस की एक टीम तीनों को अहमदाबाद लेकर आ रही है। इनसे पूछताछ के बाद ही वारदात की वजह सामने आ पाएगी।

ओढव पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक, विराटनगर ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग मे खड़ी सफेद रंग की मर्सिडीज कार से बदबू आ रही थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब कार की डिग्गी खुलवाई तो उसमें से लाश निकली। शव अहमदाबाद के बिल्डर हिम्मत रुड़ानी का था।

# कोलकाता- आरजी कर कॉलेज की स्टूडेंट की रहस्यमयी मौत

### परिवार बोला- बॉयफ्रेंड ने जहर दिया; 2024 में यहीं ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की फाइनल ईयर की एक स्टूडेंट की शनिवार को मालदा के एक अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्टूडेंट की पहचान अनिंदिता सोरेन (24) के रूप में हुई है।

छात्रा के परिवार ने उसके बॉयफ्रेंड उज्जवल सोरेन पर हत्या का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा कि उज्जवल ने अनिंदिता को जहर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरजी कर कॉलेज पिछले साल तब चर्चा में रहा था, जब 9 अगस्त 2024 को एक ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

### जानिए क्या है नया मामला

साउथ दिनाजपुर के बालुरघाट निवासी अनिंदिता और उज्ज्वल का अफेयर था। उज्ज्वल से उसकी मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। फिर दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे।

पीड़ित की मां अल्पना टुडू ने बताया कि उनकी बेटी उज्ज्वल से शादी का दबाव बना रही थी। इसलिए दोनों के बीच झगड़े होते रहते थे। उज्जवल हमेशा शादी से इनकार करता था।

पुलिस के मुताबिक, युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के पीछे की असली वजह पता चलेगी।

# घर में आग लगने से तीन नाबालिग भाई-बहनों की जलकर मौत

### घटना के समय सो रहे थे तीनों बच्चे

**कोलकाता।** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रानीतला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक घर में आग लगने से इसकी चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन बच्चों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

मारे गए तीनों बच्चे भाई-बहन हैं। उनकी उम्र सात से नौ साल के बीच थी। घटना के वक्त तीनों बच्चे घर में सो रहे थे।

मृतकों में साहिल और आदिल के अलावा उनकी नौ साल की बहन साजिदा शामिल है। साहिल और आदिल जुड़वां भाई थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रानीतला थाना क्षेत्र के बेनीपुर भंगनपारा गांव की है। सुबह तीनों बच्चों की मौत की खबर सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया।



### कैसे लगी आग?

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार देर रात जब आग लगी तब पूरा गांव सो रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। बताया जा रहा है कि घर की रसोई में बिजली का तार खुला हुआ था।

दमकल विभाग का मानना है कि आग वहीं से लगी। दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग की सूचना मिलने पर रात में ही दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। लेकिन तब तक पूरा घर आग की लपटों में घिर चुका था। दमकल कर्मियों ने पूरे गांव की बिजली काट दी और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

### मां ने क्या कहा?

पता चला है कि इस घर में शोआन शेख और नयन शेख नाम के दो भाइयों का परिवार रहता है। मृतक तीनों बच्चे शोआन के हैं। बच्चों की मां ने कहा, जब मैं उठी तो पूरा घर आग की लपटों में घिरा हुआ था। अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद, मैं बच्चों को बाहर नहीं निकाल पाई।

### भारी बारिश

### यूपी में 4 प्रतिशत कम तो हिमाचल में 133 प्रतिशत ज्यादा बारिश

# भारी बारिश के चलते वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

**लखनऊ/मंडी/जम्मू/दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी।

उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गईं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2 मीमी बारिश हुई जो औसत 679.3 मीमी बारिश से 4 प्रतिशत कम है।



हिमाचल के मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार को लैंडस्लाइड हुई। कई घरों तक मलबा पहुंच गया। 8 घर खाली भी कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में 12 सितंबर तक 133 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। इस पीरियड में 64.6 मीमी बारिश की तुलना में 150.4 मीमी बारिश हो चुकी है।

राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से रविवार से मानसून विदाई की शुरुआत हो गई है, लेकिन मध्यप्रदेश को अभी दो हफ्ते और लग सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में मालवा-निमाड़ इलाके में बारिश का एक और दौर 16 से 22 सितंबर के बीच शुरू होने की संभावना है।

### हिमाचल प्रदेश : इस मानसून सीजन अबतक 386 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन बाढ़-बारिश से अब तक 386 लोगों की मौत हो चुकी है। इस 4500 करोड़ की सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान हो चुका है।

### बलिया में 6 मकान और 5 दुकानें गंगा में समाई

बलिया में गंगा नदी उफान पर है। कटान भी तेज हो रही है। शनिवार को चक्की नौरंगा गांव में दो मंजिला मकान 10 सेकेंड में नदी में समा गया। साथ ही 5 मकान और पांच दुकानें भी नदी में समा गईं।

गंगा नदी की कटान देख ग्रामीण दहशत में हैं। प्रशासन को सूचना दी है। राहत-बचाव में तेजी लाने की मांग की है।

# हैदराबाद के स्कूल में ड्रग फैक्ट्री का खुलासा

### डायरेक्टर सहित 3 गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में पुलिस ने शनिवार को एक प्राइवेट स्कूल के अंदर ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा किया। मेधा स्कूल नाम के स्कूल के डायरेक्टर मालेला जया प्रकाश गौड़ सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों ने स्कूल के क्लास रूम और रस्ट्रिक्टेड एरिया को अल्प्राजोलम का प्रोडक्शन फैक्ट्री बना दिया था। अल्प्राजोलम का इस्तेमाल ताड़ी बनाने में किया जाता है। यह एक नशीला पदार्थ है, जो तेलंगाना में बैन है।

पुलिस ने बताया कि बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर पर लगभग छह महीने से फैक्ट्री चल रही थी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर क्लास चलती थी। फैक्ट्री में छह दिन ड्रग्स बनती थी। रविवार को इसे बाहर पहुंचाया जाता था।

ड्रग्स फैक्ट्री के खिलाफ यह कार्रवाई तेलंगाना पुलिस की एलीट एक्शन ग्रुप फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट ने की।

टीम ने 7 किलो से ज्यादा अल्प्राजोलम, 21 लाख कैश, बड़ी मात्रा में केमिकल और मैन्युफैक्चरिंग का सामान बरामद किया है।

# संपादकीय

## सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरने की जरूरत



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में, जहां जनता की आवाज को सर्वोपरि माना जाता है, वहां सरकार की नीतियों के खिलाफ असंतोष व्यक्त करना और सड़कों पर उतरना समय-समय पर आवश्यक हो जाता है। यह न केवल नागरिकों का अधिकार है, बल्कि यह लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। सरकार की नीतियां, चाहे वे आर्थिक, सामाजिक या राजनीतिक हों, अगर जनता के हितों के खिलाफ हों या समाज के किसी वर्ग को नुकसान पहुंचाएं, तो जनता का सड़कों पर उतरना न केवल उचित है, बल्कि जरूरी भी है। यह लेख इस बात पर प्रकाश डालता है कि सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरने की आवश्यकता क्यों उत्पन्न होती है और इसका महत्व क्या है।

### लोकतंत्र में जनता की आवाज

लोकतंत्र में सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और उसका दायित्व होता है कि वह जनता के हित में काम करे। लेकिन कई बार सरकार ऐसी नीतियां लागू करती है जो जनता के लिए हानिकारक साबित होती हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई नीति किसानों, मजदूरों, या छोटे व्यापारियों जैसे समाज के महत्वपूर्ण वर्गों को नुकसान पहुंचाती है, तो जनता के पास अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए सड़कों पर उतरने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, धरना और रैलियां जनता की आवाज को बुलंद करने का एक प्रभावी तरीका हैं।

### नीतियों के खिलाफ असंतोष के कारण

सरकार की नीतियों के खिलाफ असंतोष के कई कारण हो सकते हैं। पहला, नीतियां अगर समाज के केवल एक छोटे से वर्ग को लाभ पहुंचाती हैं और बहुसंख्यक आबादी को नजरअंदाज करती हैं, तो असमानता बढ़ती है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई नीति बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाए लेकिन छोटे व्यापारियों या किसानों को नुकसान पहुंचाए, तो यह सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। दूसरा, नीतियों के निर्माण में जनता की राय को नजरअंदाज करना। अगर सरकार बिना किसी परामर्श के नीतियां लागू करती है, तो यह जनता के साथ विश्वासघात के समान है। तीसरा, नीतियों का गलत कार्यान्वयन, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन बढ़ता है।

### सड़कों पर उतरने का महत्व

सड़कों पर उतरना केवल असंतोष व्यक्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सरकार को यह याद दिलाने का एक तरीका है कि वह जनता के प्रति जवाबदेह है। इतिहास गवाह है कि भारत में कई बड़े बदलाव जन आंदोलनों के कारण ही संभव हुए हैं। चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम हो, जेपी आंदोलन हो या हाल के किसान आंदोलन, इन सभी ने सरकार को नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन सरकार को जनता की भावनाओं को समझने और नीतियों में सुधार करने का अवसर प्रदान करते हैं।

### शांतिपूर्ण आंदोलन की शक्ति

शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की आत्मा हैं। यह न केवल जनता को अपनी बात कहने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाते हैं। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि प्रदर्शन हिंसक न हों, क्योंकि हिंसा न केवल आंदोलन के उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि आम जनता को भी नुकसान पहुंचाती है। गांधीजी का अहिंसक सत्याग्रह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसने न केवल भारत को आजादी दिलाई, बल्कि दुनिया को शांतिपूर्ण विरोध का रास्ता भी दिखाया।

### निष्कर्ष

सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरना जनता का लोकतांत्रिक अधिकार है। यह एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए समाज अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचा सकता है। हालांकि, यह जरूरी है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण और संगठित हों। सरकार को भी चाहिए कि वह जनता की आवाज को सुने और नीतियों को लागू करने से पहले व्यापक परामर्श करे। केवल तभी हम एक सच्चे लोकतंत्र की स्थापना कर सकते हैं, जहां हर नागरिक की आवाज मायने रखती है।

## मणिपुर पर मरहम

लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा। लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस - 15 सितम्बर, 2025

## आधुनिक तकनीक एवं मानवीय करुणा है लोकतंत्र की बुनियाद

- ललित गर्ग -



संयुक्त राष्ट्र ने 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में नामित किया है ताकि दुनिया भर में लोकतंत्र और उसके मूल सिद्धांतों का जश्न मनाया जा सके। विश्व समुदाय ने पहली बार 2008 में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाना नए या पुनर्स्थापित लोकतंत्रों के पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वीकार किया, जिसने लोगों को दुनिया भर में लोकतंत्र को बढ़ावा देने पर ज़ोर देने का अवसर प्रदान किया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समीक्षा करना, लोकतंत्रीकरण और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना और दुनिया भर की सरकारों से नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करने और लोकतंत्र में सार्थक एवं सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह करना है। साथ ही, सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा का उद्देश्य 16 सतत विकास लक्ष्यों के साथ लोकतंत्र को संबोधित करना, सूचना तक जनता की पहुँच सुनिश्चित करना, मौलिक स्वतंत्रताओं की रक्षा करना, राष्ट्रीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन करना और प्रभावी, जवाबदेह, समावेशी संस्थाओं का विकास करना है। यह दिन दुनिया भर में लोकतंत्र को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें स्वतंत्र प्रेस और मौलिक स्वतंत्रताएं शामिल हैं, जिन्हें सेंसरशिप और शारीरिक हिंसा के बढ़ते खतरों का सामना करना पड़ता है।

लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा ढाँचा है जो मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन और निर्णय लेने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करता है। 2024 में, दुनिया की लगभग आधी आबादी वाले 50 से ज्यादा देशों में चुनाव हुए, जिससे वैश्विक स्तर पर समाजों के भविष्य को आकार देने में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिवस भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है कि हम यह परखें कि लोकतंत्र अपने आदर्श रूप में कितना जीवंत है और वास्तविक जीवन में कितनी चुनौतियों से जूझ रहा है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब लोकतंत्र ने अपनी जड़ों को मजबूत रखा, तब-तब समाज और राष्ट्र ने अभूतपूर्व प्रगति की, लेकिन जब-जब लोकतांत्रिक मूल्यों से खिलवाड़ हुआ, तब-तब अराजकता, अशांति, हिंसा, आतंक और तानाशाही प्रवृत्तियां हावी हो गईं। आज सबसे बड़ी चिंता यह है कि लोकतांत्रिक देशों में ही लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

नेपाल में पिछले दिनों से चल रही अस्थिरता और आंदोलन यह दर्शाती है कि वहां की राजनीतिक नेतृत्व ने जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के बजाय सत्ता संघर्ष को वरीयता दी। बार-बार सरकार बदलना, नीतियों में असंगति, शासनगत भ्रष्टाचार और आमजन की समस्याओं की अनदेखी लोकतंत्र के मूल स्वरूप को ही चोट पहुँचाती है। यही हाल पाकिस्तान का है जहां लोकतांत्रिक ढांचा होते हुए भी सेना और सत्ता की सांठगांठ ने लोकतंत्र को खोखला बना दिया है। वहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पाबंदी और विपक्षी नेताओं पर दमन लोकतांत्रिक आदर्शों का उपहास है। बांग्लादेश में हाल के आंदोलनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सत्ता का केंद्रीकरण लोकतंत्र का गला घोंटता है। वहां आम जनता और छात्रों की आवाज़ को कुचलने का प्रयास हुआ जिससे असंतोष उभरकर सामने आया। भूटान जैसे छोटे राष्ट्र में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपेक्षित रूप में मजबूत नहीं हो पा रही और सत्ता पर कुछ वर्गों का वर्चस्व देखा जा रहा है। ये उदाहरण बताते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने या संसद चलाने का नाम नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है नागरिक अधिकारों की रक्षा, समान अवसर, पारदर्शी शासन और जनता के प्रति जवाबदेही। जब नेता जनता से कट जाते हैं, जब संस्थाएं निष्पक्ष न रहकर सत्तापक्ष की कठपुतली बन जाती हैं, जब अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाया जाता है, तब लोकतंत्र अपने असली स्वरूप से दूर हो जाता है। यही वजह है कि आज लोकतंत्र विश्वव्यापी संकट से गुजर रहा है।

आज दुनियाभर की शासन-प्रणालियों में घर कर रही समस्याओं के समाधान का रास्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में है। सबसे पहले राजनीतिक दलों को आंतरिक लोकतंत्र अपनाना होगा, क्योंकि यदि दलों में ही तानाशाही हो तो राष्ट्र में लोकतंत्र कैसे जीवित रहेगा? दूसरा, स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र मीडिया और मजबूत निर्वाचन प्रणाली लोकतंत्र की रीढ़ हैं, इन्हें किसी भी हालत में कमजोर नहीं होने देना चाहिए। तीसरा, नागरिक समाज और युवाओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहना होगा। महात्मा गांधी ने कहा था, 'लोकतंत्र जनता की आज्ञाकारिता नहीं, जनता की जागरूकता पर टिका है।' निश्चित है कि लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है, परंतु यह तभी प्रभावी हो सकता है जब इसके मूल तत्व-पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता और स्वतंत्रता को व्यवहार में उतारा जाए। यदि लोकतंत्र सही ढंग से चले तो इससे उन्नत शासन प्रणाली नहीं हो सकती। लोकतंत्र केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सतत साधना है, और उसकी रक्षा का दायित्व शासकों से कहीं अधिक जनता पर है। लोकतंत्र केवल एक शासन-प्रणाली नहीं है, बल्कि यह जीवन-मूल्यों और मानवीय गरिमा का उत्सव है। इसमें शासक और शासित का भेद मिट जाता है और सत्ता का वास्तविक केन्द्र जनता होती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आत्मा में निहित है-जनता की सक्रिय भागीदारी और संवाद। जहाँ जनता मौन रहती है और केवल शासकों पर सब कुछ छोड़ देती है, वहाँ लोकतंत्र धीरे-धीरे खोखला हो जाता है और तानाशाही का रूप धारण कर लेता है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र है-उत्तरदायित्व और पारदर्शिता। यदि सत्ता में बैठे लोग अपने को जनता से ऊपर समझने लगें, भ्रष्टाचार और पक्षपात में डूब जाएँ, तो लोकतंत्र के मूल तत्व ही नष्ट हो जाते हैं।

आज की परिस्थितियों में लोकतंत्र को सबसे बड़ी चुनौती है-मूल्यों का ह्रास। केवल बाहरी ढाँचे और प्रक्रियाएँ ही लोकतंत्र को जीवित नहीं रख सकतीं। जब तक नागरिकों में नैतिक चेतना, कर्तव्य-बोध और सामाजिक सरोकार नहीं होंगे, तब तक लोकतंत्र केवल बहुमत की तानाशाही बनकर रह जाएगा। जैसा कि प्राय: कहा गया है- 'लोकतंत्र वही है जहाँ जनमत की गरिमा सुरक्षित हो, जनता की आवाज़ सुनी जाए और शासन जनता के कल्याण के लिए कार्य करे।' लोकतंत्र का दूसरा पहलू है-विकेन्द्रित शक्ति। यदि सारे निर्णय केवल शीर्ष पर सीमित रहेंगे और गाँव, नगर, पंचायत या स्थानीय निकाय निष्क्रिय रहेंगे तो लोकतंत्र अधूरा रहेगा।


असली लोकतंत्र वही है जहाँ निर्णय जनता की ज़मीनी ज़रूरतों के अनुसार हों और सत्ता की प्रक्रिया नीचे से ऊपर की ओर बहे। यह संवाद और सहमति का मार्ग है, संघर्ष और हिंसा का नहीं। इसे केवल व्यवस्था मानना भूल है; यह तो एक संस्कार और संस्कृति है, जो सतत् आत्मावलोकन, आत्म-सुधार और समावेशिता की माँग करता है। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाते हुए इसका सार यही है कि लोकतंत्र को बचाए रखने और उसे प्रभावी बनाने के लिए केवल संविधान और चुनाव काफी नहीं हैं; उसकी आत्मा को जीवित रखना आवश्यक है, जो जन-जागरण, नैतिकता और उत्तरदायित्व से ही संभव है। इस वर्ष लोकतंत्र दिवस मनाते हुए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और लोकतंत्र' के विषयों पर ज़ोर दिया जा सकता है, जिसके तहत एआई के जिम्मेदार उपयोग से लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करने की बात कही जाती है। यह दिन सभी के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और अधिक जीवंत डिजिटल भविष्य बनाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, भागीदारी, और मानवाधिकारों पर सामूहिक रूप से काम करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक के इस युग में लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि हम तकनीक को केवल सुविधा का साधन न मानकर पारदर्शिता, संवाद और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने का माध्यम बनाएँ। एआई लोकतंत्र को अधिक सहभागी और जवाबदेह बना सकता है-निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को डेटा-संपन्न, सटीक और पारदर्शी बनाकर, जनता की आवाज़ को त्वरित रूप से शासन तक पहुँचाकर। लेकिन यदि तकनीक केवल सत्ता या कॉर्पोरेट के हाथों का खिलौना बन जाए तो यह लोकतंत्र की आत्मा को कुचल सकती है। इसलिए ज़रूरी है कि तकनीकी नवाचार को मानवीय विवेक और करुणा से जोड़ा जाए। बढ़ती हिंसा, युद्ध और आतंक की स्थितियों का समाधान भी इसी में है कि हम संवाद, सहअस्तित्व और सहयोग को प्राथमिकता दें।

लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली नहीं, बल्कि शांति और मानवीय गरिमा की संस्कृति बनाना होगा, जहाँ तकनीक मानवता की सेवा करे, विभाजन और विनाश का हथियार न बने।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3651



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3650 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

सीदा-साधा चमन लड़कियों से बहुत दूर भागता था। वह नए साल की पार्टी मनाने के लिए घर से निकला ही था कि सामने चौराहे पर एक सुंदर, सजी-धजी युवती पर उसकी निगाह पड़ी।

युवती ने भी उसे देखा और अपने हाथ के गुब्बारे उसकी ओर बढ़ाकर शरारत भरे अदाज में कहा- 'डार्लिंग...! अब चले... पार्टी मनाने।'

चमन लड़खड़ाकर बोला- नहीं! मैंने आज से लड़कियों से दूरी बनाने का संकल्प लिया है।

□ □ □


रमन- 'यार, कल रात घर पहुँचने पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। आखिर मुझे रात बाहर ही गुजारनी पड़ी।'

चमन- 'फिर सुबह उठकर उन्हें डाँटा की नहीं?'

रमन- 'नहीं यार! कैसे डाँटता...। आँखें खुलने पर देखा तो पता चला कि मैं घर का नहीं बीयर बार का दरवाजा खटखटा रहा था।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3651



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3650



## सूडोकु -3651

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3650 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 3651



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली -3650 का हल



# नोएडा में नई कंपनी करेगी गोल्फ कोर्स का निर्माण

## 40 करोड़ का बचा हुआ है काम, पहली कंपनी हो चुकी ब्लैक लिस्ट, एनआईटी को मिली मंजूरी

नोएडा। सेक्टर-151ए में नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया गया है। साथ ही उसकी जमा की गई धरोहर राशि को भी जमा कर लिया गया है। अब बचे 40 करोड़ के काम के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करने जा रहा है। इसका अप्रूवल प्राधिकरण के सीईओ ने दिया है। कंपनी का चयन होते ही निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

प्राधिकरण ने बताया कि इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के निर्माण के लिए 1 जुलाई 2021 को कंपनी कश्यपि इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया गया। जिसका काम 30 जून 2022 तक पूरा होना था। कार्यस्थल पर कई बाधाओं के कारण समय-समय पर सक्षम स्तर से निर्माण कार्य पूरा करने के लिए टाइम एक्सटेंशन दिया गया। साथ ही 30 जून 2025 तक काम पूरा करने की नई डेड लाइन तय की गई।

इस डेट को भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका। यही नहीं इस बीच 18 नवंबर 2024 और 24 जून 2025 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। आपके द्वारा दिया गया



उत्तर संतोषजनक नहीं मिला। ऐसे में एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन करने के एवज में जमा की गई धरोहर राशि को जमा किया गया और दो साल के लिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया।

### 80 करोड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 40 करोड़ का काम अभी बचा है। जिसे पूरा करने के लिए नई कंपनी को काम अवॉर्ड किया जाएगा।

सिविल कार्य में करीब 80 करोड़, इंटीरियर से लेकर हॉर्टिकल्चर का काम होना है। योजना का कुल एरिया करीब 113.87 एकड़ है।

### 113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया
6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया
7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया
4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया
9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट
4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

# गाजियाबाद से अपहृत लड़के को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

## मुठभेड़ के उपरांत पांच अभियुक्त गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** थाना जेवर, दनकौर, बीटा टु, ईकोटेक प्रथम और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गाजियाबाद से अपहृत करने वाले बदमाशों मोहित गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी ग्राम राजेपुर टप्पामंडल थाना जहांनगंज जिला फर्रुखाबाद, आलोक यादव पुत्र शिवसिंह यादव निवासी ग्राम उदरनपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज को मुठभेड़ के उपरांत रविवार को गिरफ्तार कर अपहृत लड़के को सकुशल बरामद कर लिया। जबकि तीन अन्य अभियुक्तगणों निमय शर्मा पुत्र योगेश कुमार शर्मा निवासी एक्जोटिका ड्रीम विला सेक्टर-16 सी थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर श्याम सुन्दर पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी मौहल्ला शास्त्री नगर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज, सुमित कुमार पुत्र राघवेन्द्र कुमार निवासी गांव राजेपुर टप्पामंडल थाना जहांनगंज जिला फर्रुखाबाद को काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक गाड़ी एसयूवी 300 और दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय चार कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं। पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त दोनों अभियुक्तों मोहित गुप्ता और आलोक यादव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जिनको पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार 9 सितम्बर 25 को वादी निवासी गाजियाबाद की तहरीर के आधार पर अपने पोते को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने तथा अपहृत लड़के की बलेनो कार को लावारिस हालत में यमुना एक्सप्रेस-वे पर छोड़ जाने के संबंध में थाना दनकौर पर मुकदमा अपराध संख्या 244/2025 धारा 140(3) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था।

### श्मशान भूमि की मांग पर ग्रामीणों का विरोध

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में श्मशान घाट की जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। सपेरा समुदाय की 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला धनवंती नाथ के निधन के बाद ग्रामीण शव को घर में रखकर धरने पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई वर्षों से श्मशान भूमि की मांग कर रहे हैं। प्रशासन से सिर्फ आश्वासन मिलते रहे हैं। पिछले साल भी एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद तत्कालीन डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जमीन देने का वादा किया था। लेकिन प्रशासन और प्राधिकरण ने कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर मृत्यु के बाद उन्हें इसी समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक श्मशान के लिए स्थायी जमीन नहीं मिलेगी, धरना जारी रहेगा। मौके पर कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। देर रात तक परिवार के लोग धरने पर डटे रहे।

# दोस्त का विवाद सुलझाने गए युवक की मौत

## ग्रेटर नोएडा में 5 आरोपी गिरफ्तार, एक अभी फरार



जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एशियन पेंट कॉलोनी निवासी वीरेंद्र के भतीजे गौरव की मौत शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में हुई। गौरव गुरुवार रात को अपने दोस्त का विवाद सुलझाने गया था। वहां आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में गौरव के साथ उसका चचेरा भाई केशव और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। घायलों को पहले जिम्स अस्पताल ग्रेटर नोएडा में भर्ती कराया गया। गौरव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि वीरेंद्र की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने मनोज, मनीष, सोनू, दीपक और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में एक फ्लैट में आग लग गई। घटना टावर-3 की दूसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट में हुई।

आग लगने के समय परिवार के सदस्य फ्लैट में मौजूद थे, लेकिन सभी सुरक्षित हैं। आग की चपेट में आने से फ्लैट का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। सोसाइटी के निवासियों ने आरोप लगाया कि बिल्डिंग के फायर सेफ्टी उपकरण काम नहीं कर रहे थे। हालांकि, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से बीकॉम छात्र की मौत

## बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव आछेपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक बीकॉम छात्र की हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मौत हो गई।

घटना शनिवार शाम की है। आछेपुर निवासी किसान सुंदर सिंह का 20 वर्षीय बेटा मनीष, जो ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज में बीकॉम कर रहा था, अपने घर की छत पर छज्जे के पास चारपाई पर बिस्तर लगा रहा था। इसी दौरान वह वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

परिजन तुरंत उसे ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान रविवार को मनीष की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही रविवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जर्जर हाईटेंशन लाइनें घरों के ऊपर से गुजर रही हैं। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से देहात क्षेत्र में लगातार लोगों की जान जा रही है।

शिकायत करने पर भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारी छोटे-छोटे कामों के लिए रिश्वत मांगते हैं।

दनकौर के एसडीओ अजय गुप्ता ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और हादसे की जांच की जा रही है।

रविवार शाम तक पुलिस को इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 862695 वादों का हुआ निस्तारण

▸ चन्द्र मोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये वादों से संबंधित विवरण निम्नवत उपलब्ध कराये गये।

**गौतमबुद्धनगर।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के माननीय न्यायमूर्ति एंव जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री अजीत कुमार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री मलखान सिंह व समस्त न्यायिक अधिकारीगण सहित दिनांक 13.09.2025 को जनपद न्यायालय के सभागार में दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उदघाटन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुये। चन्द्र मोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये वादों से संबंधित विवरण निम्नवत उपलब्ध कराये गये।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री मलखान सिंह की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में 13.09.2025 को दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 296011 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 92297 मामले, बैंक द्वारा 329 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 106 मामलें व समझौता धनराशि 850000 है। यू0पी0पी0सी0एल के 3275 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 912 मामलें व धनराशि 185204979 है, पुलिस विभाग द्वारा 28025 मामलों का निस्तारण किया गया।

बी0एस0एन0एल0 द्वारा 183 मामलें तथा यातायात विभाग द्वारा 401203 मामलों, का निस्तारण हुआ इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 566684 मामलें निस्तारित हुये। चन्द्र मोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 862695 वाद निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न है:- मलखान सिंह, जिला जज 08 वादों में समझौता धनराशि 20000 है। रविन्द्र नाथ दुबे पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय 1 द्वारा 11 वाद व समझौता धनराशि 20811894 है।

बुद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 37 वाद है। जगदीश प्रसाद पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय-द्वितीय द्वारा 16 वाद व समझौता धनराशि 20492203 है। सुनील कुमार श्रीवास्तव भूमि अर्जन पुनर्वासन एंव पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण द्वारा 13 वाद है।

### किसान आज प्राधिकरण का घेराव करेंगे

**नोएडा।** किसानों ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने के लिए सोरखा गांव के बारातघर में रविवार को पंचायत की। पंचायत में निर्णय लिया गया कि केस वापस लेने के लिए सोमवार को नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे किसानों के साथ हैं, लेकिन वह दर्ज एफआईआर को खत्म नहीं कर सकते। नोएडा प्राधिकरण की टीम बीते शुक्रवार को सोरखा गांव में अवैध कब्जा हटाने गई थी। इस दौरान प्राधिकरण के कर्मचारियों और पुलिस की किसानों से झड़प हो गई। सहायक प्रबंधक के साथ मारपीट के बाद प्राधिकरण की पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पुलिसकर्मियों द्वारा किसानों पर लाठी चलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। किसानों की पिटाई के बाद उसी दिन दोपहर बाद में सैकड़ों किसानों ने सेक्टर-113 कोतवाली का घेराव किया था। इस मामले में पुलिस आयुक्त ने नोएडा प्राधिकरण में तैनात एक हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया था। एक अन्य पुलिसकर्मी पर कार्रवाई के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को रिपोर्ट भेज दी थी। इसी के साथ ही किसानों की शिकायत पर पुलिस ने नोएडा प्राधिकरण के दो सहायक प्रबंधक और दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर चार किसानों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया था। इससे गुस्साए किसानों ने सोरखा गांव में पंचायत की।

# निर्माणाधीन मकान की छत से ईंट गिरी, भाई-बहन घायल

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र के तुगलपुर गांव में रविवार दोपहर निर्माणाधीन मकान की ऊपरी मंजिल से ईंट गिरने से भाई-बहन घायल हो गए। दोनों भाई-बहन हैं।

बच्चे के सिर और बच्ची के पैर पर चोट लगी। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक तुगलपुर गांव में फहीम परिवार के साथ किराये पर रहता है। बगल में ही एक व्यक्ति नए मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। पहली मंजिल का लेंटर गिरने के बाद दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को दोपहर दो बजे के करीब श्रमिक ऊपरी मंजिल के निर्माण के लिए ईंट चढ़ा रहा था। जैसे ही श्रमिक ने ऊपर पहुंचकर सिर से ईंट डाली, एक ईंट नीचे गिर गई। जिस समय ईंट गिरी, उस समय फहीम का बेटा अहाद और बेटी आयत नीचे से गुजर रहे थे।

ईंट बेटे के सिर पर लगने के बाद बेटी के पैर पर जाकर गिरी। लहूलुहान हालत में दोनों को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। हालांकि, मामले में अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

### मां-बेटे की आत्महत्या मामले में नहीं मिली शिकायत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित ऐस सिटी सोसाइटी में सीए की पत्नी और उनके बेटे का परिजन ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को उत्तराखंड ले जाकर रविवार को अंतिम संस्कार किया। बता दें कि शनिवार की सुबह सीए दर्पण चावला की पत्नी साक्षी चावला ने 11 साल के नाबालिग बेटे दक्ष चावला के साथ 13वीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने फ्लैट के अंदर एक डायरी से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें आत्महत्या करने के लिए स्वयं को जिम्मेदार ठहराते हुए महिला ने इकलौते बेटे की बीमारी की परेशानी का जिक्र किया है।

# टीईटी अनिवार्यता ने शिक्षकों को दुविधा में डाला

## जिले के 1800 शिक्षकों को परीक्षा देनी होगी

**नोएडा।** कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य होने के बाद हजारों शिक्षकों को गहरी दुविधा में डाल दिया है। शिक्षक विरोध प्रदर्शन की तैयारी के साथ-साथ परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी है। जिले के 1800 से अधिक शिक्षकों को यह परीक्षा देनी होगी। वर्तमान समय में शिक्षकों के व्हाट्सएप समूह टीईटी पाठ्यक्रम की सामग्री, सामान्य ज्ञान के प्रश्नों और विषयवार नोट्स से भरे पड़े हैं। कई शिक्षक दिन-रात पढ़ाई में जुट गए हैं, तो कई अब भी इस अनिवार्यता को लेकर तनावग्रस्त हैं। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि पांच साल से अधिक है, उन्हें हर हाल में परीक्षा देनी होगी, अन्यथा नौकरी संकट में पड़ सकती है।

यही डर शिक्षकों के बीच तनाव और असमंजस को और बढ़ा रहा है। एक वर्ग मानता है कि इतने वर्षों तक पढ़ाने के बाद भी पात्रता पर सवाल खड़ा होना अपमानजनक है। जबकि, दूसरा वर्ग यह मान रहा है कि परिस्थिति को स्वीकार कर तैयारी ही एकमात्र रास्ता है। कई शिक्षक कहते हैं कि न तो विरोध से राहत मिलती दिख रही है और न ही तैयारी से तनाव कम हो रहा है। शासन ने 29 और 30 जनवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है और आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। ऐसे में शिक्षकों के पास ज्यादा समय भी नहीं है। वहीं, शिक्षक संगठन के जरिये विरोध की रणनीति के साथ भी खड़े हैं। बता दे कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने बिना टीईटी उत्तीर्ण किए शिक्षकों को परिषदीय विद्यालयों में नहीं पढ़ाने के आदेश दिए हैं। हालांकि, जिन शिक्षकों की सेवा पांच वर्ष से कम बची है, उन्हें इससे दूर रखा गया है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मेघराज सिंह का कहना है कि शिक्षक विरोध की तैयारी के साथ-साथ परीक्षा की भी तैयारी में जुटे हैं। हालांकि, इस संबंध में सरकार को आगे आना चाहिए।

# शार्ट न्यूज

### बाढ़ पीड़ितों के लिए किसान एकता संघ की पहल: दनकौर से 6 हजार टन राहत सामग्री भेजी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर से किसान एकता संघ ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। राहत सामग्री में 6 हजार टन अनाज, तेल, दाल, बिस्किट, पानी और जूस की बोतलें शामिल हैं। बरेली, अलीगढ़, गाजियाबाद, हापुड़ और मेरठ से राहत सामग्री एकत्र की गई। सभी सामान को टैंकरों और कैंटरों में भरकर पंजाब के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर पं. प्रमोद शर्मा, बिक्रम नागर, पप्पे नागर, श्रीकृष्णा बैंसला, जेपी नागर समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि देश में कहीं भी आपदा आने पर किसान एकता संघ हमेशा मदद के लिए तैयार रहता है। अरुण खटाना, हिमाचल कसाना, सतीश कनारसी, मनीष नागर और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

### कृषक नि:शुल्क सरसों मिनीकिट हेतु 25 सितम्बर तक कर सकते हैं ऑनलाइन बुकिंग

**गौतम बुद्ध नगर।** उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जनपद के कृषकों को बताया कि राज्य सहागतित नि:शुल्क तिलहन मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अनुसार जनपद की 500 मिनीकिट वितरण का विकास खण्ड दादरी हेतु 150 मिनीकिट, बिसरख हेतु 75 मिनीकिट, दनकौर 125 एवं जेवर 150 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जो भी कृषक नि:शुल्क सरसों का मिनीकिट बुवाई हेतु प्राप्त करना चाहते है वह अपने पंजीकरण संख्या से विभागीय पोर्टल HTTP: /AGRIDARSHAN.UP.GOV.IN पर जाकर आवेदन कर मिनीकिट बुवाई हेतु स्वय बुकिंग कर सकते है। बुंकिग की अन्तिम तिथि 25.09.2025 है। किसी भी प्रकार की अधिकतम जानकारी हेतु प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार जेवर, दादरी, बिसरख एंव दनकौर से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### पनीर मामले में चौकी प्रभारी समेत दो निलंबित

**नोएडा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग और जेवर कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान जेवर टोल से पकड़े गए बदबूदार पनीर मामले में डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने रविवार को चौकी प्रभारी और एक दरोगा को निलंबित कर दिया। दावा किया जा रहा है कि भाजपा नेता के साथ पुलिस पर मारपीट और अभद्रता करने के मामले को लेकर कार्रवाई हुई। ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी ने इस मामले के तूल पकड़ने के बाद जेवर टोल प्लाजा चौकी प्रभारी अनूप दीक्षित और एक दारोगा संसार सिंह को रविवार देर रात निलंबित कर दिया। दूषित पनीर पकड़े जाने के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों को जेवर पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में हवालात में डाल दिया था। इसकी जानकारी के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जेवर कोतवाली पहुंचे और उनके समर्थकों ने कार्रवाई के विरोध में हंगामा किया था। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल हुआ था।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने युवक को पीटा

**नोएडा।** नोएडा में तैनात एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी द्वारा युवक को पीटने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। डीसीपी यातायात ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। यह घटनाक्रम करीब तीन दिन पुराना सेक्टर-66 का बताया जा रहा है। वीडियो में यातायात पुलिसकर्मी युवक से हेलमेट छीनता है और उसको लात मारकर गिरा-गिराकर पीटता दिख रहा है। 54 सेकेंड के इस वीडियो में एक यातायात पुलिसकर्मी और एक युवक दिखाई दे रहे हैं। यातायात पुलिसकर्मी युवक को एक भवन के बाहरी हिस्से में गिराकर पीट रहा है। उसका हेलमेट भी छीन लेता है। युवक के पीछा करने पर पुलिसकर्मी उसे हड़काता है। कुछ दूर जाकर वापस लौटने पर युवक को लात मारकर नीचे गिराकर पिटाई करता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों ने पुलिसकर्मी के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कमेंट किए हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त घायल

**रबूपुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो दोस्तों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर के जसनावली गांव निवासी सतेंद्र चौधरी अपने साथी खुर्जा निवासी हर्षित के साथ बाइक पर सवार होकर जेवर की तरफ जा रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर प्रस्तावित फिल्म सिटी के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### इधर-उधर कूड़ा फेंकने पर ब्लिंकिट पर साढ़े दस हजार रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** प्राधिकरण ने रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के छोटी मिलक गांव में कूड़ा फेंकने पर ई-कॉमर्स कंपनी पर साढ़े दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही, औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-12 के पास अवैध रूप से कूड़ा फेंक रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। दरअसल शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम अभियान चला रही है। अभियान में इधर-उधर कूड़ा फेंक कर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई के साथ लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के सहायक प्रबंधक कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में टीम ने रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के छोटी मिलक गांव में साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इधर-उधर कूड़ा फेंकने पर ब्लिंकिट ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 10,500 का जुर्माना लगाया।

### सराफ की दुकान के ताले तोड़कर चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित क्रिस्टल होम सोसाइटी की मार्केट में शनिवार देर रात बदमाशों ने सराफ की दुकान के ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नगदी चोरी कर ली। घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक क्रिस्टल होम सोसाइटी परिसर में रहने वाले व्यक्ति की श्रीश्याम ज्वेलर्स नाम से दुकान है। दो बदमाश शनिवार रात करीब साढ़े तीन बजे दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने अलमारी का लॉक तोड़ा और वहां रखा सामान समेट लिया। उन्होंने सोने-चांदी के कान, नाक और गले के करीब 18 लाख रुपये के गहने और 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। इसके बाद दोनों फरार हो गए। दुकान मालिक को रविवार सुबह घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिसरख कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली।

### लावारिस कुत्ते ने डिलीवरी ब्वॉय को काटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-4 की मार्केट में लावारिस कुत्ते ने डिलीवरी ब्वॉय को काट लिया। वह दुकान पर तैयार सामना लेने गया था। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में डिलीवरी ब्वॉय बता रहा है कि वह दुकान पर तैयार ऑर्डर लेने के लिए आया था। वह ऑर्डर लेकर वापस चला तो अचानक कुत्ता उसके पास आया। उसने एकदम से युवक के पैर पर काट लिया और वहां से भाग गया। पास की सोसाइटी में रहने वाले आशीष ने बताया कि मार्केट और सड़कों पर कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। वे आए दिन लोगों पर हमला कर देते हैं। ऐसे में लोगों का बाहर अकेला जाना भी मुश्किल हो गया है। प्राधिकरण से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# सीएम से मिले विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

## बरखेड़ा में महाविद्यालय खोलने और किसानों को मुआवजा दिलाने की रखी मांग



**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज रविवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके समाधान की मांग की।

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने मुख्यमंत्री के समक्ष बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हजारों विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के जनपदों में जाने को विवश हैं, जिससे उनके समय और संसाधनों की हानि होती है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बरखेड़ा में महाविद्यालय की स्थापना से स्थानीय विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित होगा और शिक्षा के स्तर में भी वृद्धि होगी।

विधायक ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि हाल ही में आई भारी वर्षा और बाढ़ से बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। धान और गन्ने की फसलें बर्बाद हो गई हैं, वहीं कई मकान और खेत कटान की चपेट में आ गए हैं। इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक ने किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि किसानों एवं जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और आमजन के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरी ओर, बरखेड़ा क्षेत्र की जनता ने विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक हर समय जनता की समस्याओं को सुनते हैं और उन्हें प्रशासनिक स्तर पर उठाने में सक्रिय रहते हैं। बाढ़ के दौरान उन्होंने किसानों से वादा किया था कि मुख्यमंत्री से मिलकर मुआवजे की मांग रखेंगे और उन्होंने अपना वादा निभाया। वहीं, महाविद्यालय की मांग को लेकर भी लोग उत्साहित हैं और मानते हैं कि यह कदम क्षेत्र के शैक्षिक भविष्य को नई दिशा देगा।

# सोशल मीडिया पर तमंचा दिखाने वाला युवक पकड़ा

## सहारनपुर पुलिस ने नानौता से किया गिरफ्तार, तमंचा बरामद



**सहारनपुर।** सहारनपुर के नानौता थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहल्ला कानूनगोयान निवासी शोयब पुत्र महमूद के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गंगोह रोड स्थित नगर पंचायत कार्यालय के पास से शोयब को पकड़ा। पूछताछ के बाद उसके पास से एक देशी तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि कई युवक सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालकर खुद को डॉन साबित करने की कोशिश करते हैं। इस तरह के लोगों पर पुलिस की नजर है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक धीरज सिंह, हेडकांस्टेबल अनुज कुमार और रवि कुमार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने नानौता पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# शार्ट न्यूज

## सुलतानपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर पुलिस ने वांछित और वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान समग्र में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में 17 वांछित अभियुक्तों को ग्राम भरथुआ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शीतला सहाय सिंह, रामप्रकाश सिंह, संतोष कुमार, लाल साहब, राजकुमार धुरिया, आकर्षित सिंह, अतुल सिंह, राम सिंह चौहान, नौशाद, कृष्णा सिंह, विपिन सिंह, सुरेश गौड, विकास कुमार, गौरव सिंह, हरितोष सिंह, अजीत बहादुर सिंह और प्रेमचन्द्र पाल शामिल हैं। सभी आरोपी थाना दोस्तपुर के मुकदमा संख्या 262/2025 से संबंधित हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में जनपद के सभी थानों की पुलिस टीमों ने भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 116 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनपदवासियों को अपराधमुक्त वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अभियान जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## पीलीभीत में हरिद्वार हाईवे पर दंपति से लूट

**पीलीभीत।** पीलीभीत के जहानाबाद क्षेत्र में रविवार शाम हरिद्वार नेशनल हाईवे पर एक दंपति के साथ लूट की वारदात हुई। जहानाबाद क्रॉसिंग के पास तिराहे पर चार अज्ञात बदमाशों ने दंपति से मारपीट कर उनका सामान लूट लिया। उदयपुर थाना अमरिया निवासी तसदीक अहमद अपनी पत्नी शबाना बेगम के साथ दवा लेकर लौट रहे थे। तसदीक ने पुलिस को बताया कि जब वह गाड़ी रोककर पेशाब करने उतरे, तभी चार युवक वहां आ गए। बदमाशों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। उन्होंने तसदीक के सिर पर वार किया जिससे वह लहूलुहान हो गए। बदमाश तसदीक का आईफोन, उनकी पत्नी शबाना का सोने का नाक का फूल, पर्स और घड़ी लूटकर फरार हो गए। घायल तसदीक किसी तरह अपनी पत्नी को लेकर कोतवाली जहानाबाद पहुंचे। उन्होंने चारों अज्ञात लुटेरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। ललौरी खेड़ा पुलिस चौकी की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## शराब दुकान के पास युवक ने हथियार लहराया

**देवरिया।** देवरिया के सदर कोतवाली क्षेत्र में सीसी रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास रविवार की शाम अफरा-तफरी मच गई। दो बाइक पर सवार चार युवक वहां पहुंचे। इनमें से दो युवक हथियार लेकर पास की चाट-नाश्ते की दुकान पर गए। वहां दुकानदार से उनकी कहासुनी हो गई। हथियार देखकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे। भीड़ को देखते ही तीन युवक बाइक पर भाग निकले। एक युवक भीड़ के हाथ लग गया। गुस्साई भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ से युवक को छुड़ाकर कोतवाली ले गई। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। साथ ही फरार हुए तीन युवकों की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान के आसपास अक्सर उपद्रवी युवक उत्पात मचाते हैं। इससे दुकानदार और राहगीर परेशान रहते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए युवक की मदद से फरार साथियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में दलित महिला-बेटे पर हमला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में दलित महिला और उसके बेटे पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 13 सितंबर की रात की है। पीड़िता का बेटा दूध लेने बाहर गया था। मोनू राजपूत ने उसे जातिसूचक शब्द कहकर रोका और मारपीट की। बेटे की आवाज सुनकर मां मौके पर पहुंची। विरोध करने पर उस पर भी हमला किया गया। मोनू राजपूत, सुधीर, बब्लू और उनके साथियों ने महिला और बेटे को कमरे में बंद कर दिया। आरोपियों ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। धारदार हथियार से हमला किया। महिला के हाथ और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। बचाव के लिए आई दो अन्य महिलाओं पर भी हमला किया गया। आरोपी हथियार और तमंचे लेकर पूरे परिवार को धमकाते रहे। वे गांव में दहशत फैलाते रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## भैंस से टकराकर बाइक सवार की मौत

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद के गूजरपुर पमारान में बच्चू वाली पुलिया के पास एक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक घायल हो गया। घटना देर रात की है। प्रदीप (28) और राजेश पांचाल घाट से एक रिश्तेदार की मिट्टी करवाकर खमरिया थाना कलान लौट रहे थे। पुलिया के पास अचानक भैंस आ जाने से बाइक से टकरा गई। दोनों युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस को कॉल किया। लेकिन एंबुलेंस एक घंटे तक नहीं पहुंची। इस दौरान प्रदीप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। डॉक्टर देवाशीष ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। राजेश की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या के अनुसार, मृतक प्रदीप के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। प्रदीप रामऔतार का पुत्र था। राजेश देव सिंह का पुत्र है और खमरिया थाना कलान का निवासी है।

## सोनभद्र में अधेड़ महिला की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के मनबसा गांव में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। रविवार को जय गुरुदेव आश्रम के पीछे स्थित कुएं में शव तैरता हुआ दिखा। ग्रामीणों ने तुरंत ग्राम प्रधान को सूचित किया। मृतका की पहचान मनबसा थाना दुद्धी के करमडाड़ निवासी रामपतिया (55) के रूप में हुई। वह रामशरण गौड़ की पत्नी थी। रामपतिया 12 सितंबर से घर से लापता थी। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। ग्राम प्रधान जगमोहन से सूचना मिलने पर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश चंद द्विवेदी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से निकाला गया। परिजनों ने शव की पहचान की पुष्टि की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में भेज दिया। एसएसआई द्विवेदी ने बताया कि प्रारंभिक जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। ग्रामीणों के अनुसार, महिला अक्सर गांव में इधर-उधर भटकती रहती थी।

## हॉस्टल में मेडिकल स्टूडेंट का सुसाइड

**कानपुर।** कानपुर काकादेव में सपा विधायक के गर्ल्स हॉस्टल में रविवार देर शाम मेडिकल की पढ़ाई कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। रूम पर आई अपनी बहन और सहेली को दवा लेने के लिए भेज दिया। जब वह लौटकर आईं तो कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था, काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्रा का शव फंदे के सहारे पंखे से लटक रहा था। हॉस्टल संचालक की सूचना पर काकादेव थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच करने पहुंची। परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। फर्रूखाबाद कायमगंज के सिंघीरामपुर निवासी अरधेंदु कुमार धर की बेटी पलक (19) छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी से बीएमआरईटी फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसकी छोटी बहन दीप्ति भी बिठूर के एक संस्थान से पढ़ाई कर रही है। दीप्ति ने बताया कि उसकी छोटी बहन पलक इन दिनों एंजाइटी और डिप्रेशन की बीमारी से परेशान थी। वह काकादेव रानीगंज में सपा विधायक के हॉस्टल में चौथी मंजिल पर रह रही थी। उसकी रूम पार्टनर अराध्या मिश्रा थी। रविवार शाम अराध्या किसी काम से गई थी, जबकि पलक के पास मिलने के लिए उसकी बहन दीप्ती आई हुई थी। दवा खत्म होने के चलते दीप्ति दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर गई थी। इस दौरान कमरे में अकेली थी।

# गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा और धारदार हथियार बरामद



**पीलीभीत।** अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौकशी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, छुरा, कुल्हाड़ी और गोकशी के उपकरण बरामद हुए। वहीं, तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस टीम ने ग्राम सुआबोझ की ओर जाने वाले रास्ते पर दहिनी ओर आम के बागिया के सामने से आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनू उर्फ रईस पुत्र नत्थू उर्फ नजीर अहमद निवासी मोहल्ला कुरैशियान लाइनपार साहूकारा थाना पूरनपुर और मुन्ना पुत्र कलुआ निवासी ग्राम डगा थाना माधोटांडा, हाल निवासी लाइनपार साहूकारा थाना पूरनपुर शामिल हैं। पुलिस ने सोनू उर्फ रईस से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, चार छुरे, एक कुल्हाड़ी, तराजू, दो बाट, लोहे की रंगीन पन्नी, हुक का गट्ठा और तीन प्लास्टिक की रस्सियां बरामद कीं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि 4 सितंबर 2025 को उन्होंने गौवंशीय पशु की हत्या कर उसका अवशेष खेत में छोड़ दिया था। इस संबंध में थाना पूरनपुर में पहले से मुकदमा दर्ज है। बरामदगी के आधार पर सोनू उर्फ रईस के खिलाफ थाना पूरनपुर में मुकदमा संख्या 566/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी सोनू उर्फ रईस के खिलाफ गोकशी, पशु क्रूरता, चोरी, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह मुन्ना के खिलाफ भी गोकशी व गैंगस्टर एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक वरुण राणा, उपनिरीक्षक नरेश सिंह, कांस्टेबल सुमित चौधरी, कांस्टेबल मनीष यादव और कांस्टेबल रोहित राठी शामिल रहे।

# मोबाइल लुटेरा गिरोह के दो वांक्षितों को अहिरौली पुलिस ने दबोचा

### दोनों के पास से लूटे रुपए बरामद, जेल रवाना

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार मिश्र के द्वारा लगातार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के क्रम में अहिरौली पुलिस ने मोबाइल लुटेरा गैंग के बचे हुए दो और लुटेरों को लूटे हुए रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि बीते दिनों मोबाइल लुटेरा गिरोह ने अहिरौली थाना क्षेत्र के क्रमशः तीन स्थानों पर राहगीरों,दुकानदारों से मोबाइल फोन और नकदी लूट लिया था,जिसकी अहिरौली थाना क्षेत्र पर लूट की धाराओं सहित गंभीर धाराओं के साथ मुकदमा पंजीकृत किया गया था,लूट की घटना को अंजाम देने में गिरोह के 5 से 6 सदस्यों का नाम प्रकाश में आया था,जिसमें से आधे सदस्य अहिरौली पुलिस के द्वारा जेल भेजे जा जा चुके हैं।

शेष बच्चे लुटेरा गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए थाना अध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी और उप निरीक्षक गौरव पटेल के नेतृत्व में ताबड़तोड़ अहिरौली पुलिस संदिग्ध स्थानों पर दबिश दिए जा रही थी। मुखबिर की सूचना से पता चला कि दोनों शातिर मोबाइल गिरोह के लुटेरे पहितीपुर तिराहे पर मौजूद हैं। तुरंत अहिरौली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वांक्षितों को गिरफ्तार कर लिया,जिसमें एक शिवम धुरिया पुत्र बचई लाल निवासी नरसिंह दासपुर और दूसरा अवधेश उर्फ कट्टर पुत्र मुंशीलाल निवासी उपरोक्त हैं। क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि दोनों शातिर लुटेरों के के पास से तलाशी के दौरान लूटे हुए पांच पांच सौ रुपए बरामद किया गया है। दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां से उन्हें जनपद कारागार रवाना कर दिया गया है।

सफलतापूर्वक गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप थाना अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी उप निरीक्षक गौरव पटेल उप निरीक्षक कमला प्रसाद हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव कांस्टेबल देवेश पटेल मौजूद रहे।

# गोरखपुर में इंजीनियर की कार पर फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में इंजीनियर की कार पर गोली चलाने के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान झंगहा के गहिरा निवासी बृजेश कुमार राय के रूप में हुई है।

उसके पास से पुलिस ने उसका लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया- मना करने पर भी बार-बार गाड़ी खड़ी करते थे, इसलिए गोली चलाकर दहशत फैलाई है। ताकि आगे कोई वहां गाड़ी पार्क न करे।

घटना शनिवार शाम की है। गीता वाटिका निवासी प्रशांत सिंह जो पाम पैराडाइज में इंजीनियर हैं। टाइल्स देखने तारामंडल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास एक शोरूम गए थे।

इसी दौरान उनकी एक्सयूवी कार पर अज्ञात ने ताबड़तोड़ दो गोलियां चला दीं। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और अन्य साक्ष्यों से पुलिस को सुराग मिला कि फायरिंग झंगहा निवासी बृजेश कुमार राय ने की थी। इसके बाद घेराबंदी कर उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

# महराजगंज में ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत



**महराजगंज।** महराजगंज के घुघली में रविवार दोपहर 12: 30 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। कप्तानगंज रेलवे ट्रैक पर जखीरा चौकी के पास पिलर संख्या 351/7 के निकट सत्याग्रह एक्सप्रेस (15274) की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घुघली स्टेशन मास्टर ने मेमो के जरिए पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह, जखीरा चौकी प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान अभिषेक कन्नौजिया के रूप में हुई। वह मुनीब कन्नौजिया का पुत्र था और ग्राम बढ़हरा फार्म, थाना घुघली का स्थायी निवासी था। थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। उच्च अधिकारियों और फॉरेंसिक टीम को सूचित कर दिया गया है। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जाएगा। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 42885 मामलों का निपटारा



**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय नरेन्द्र कुमार झा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के मार्गदर्शन में एवं यादवेन्द्र सिंह, अपर जिला जज (प्रथम)/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में तथा मयंक जायसवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में दिनॉक 13.09.2025 को जनपद न्यायालय परिसर ललितपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम माननीय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ललितपुर महोदय एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया तथा आज ही मेडीकल हेल्थ चेक अप कैम्प का भी आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के कुल 42885 वादों का निस्तारण किया जाकर 95515121 रूपये की समझौता धनराशि का निर्धारण किया गया। यादवेन्द्र सिंह, अपर जिला जज(प्रथम), ललितपुर द्वारा 29 वाद निस्तारित कर रू0 60000/- की समझौता राषि का निर्धारण किया गया। सुनील सिंह, अपर जिला जज (एस0सी0/एस0टी0एक्ट) ललितपुर द्वारा 01 वाद निस्तारित कर रू0 500 की समझौता धनराषि का निर्धारण किया। नवनीत भारती, अपर जिला जज (पॉक्सो) ललितपुर द्वारा 03 वाद निस्तारित रू0 1500 की समझौता धनराषि का निर्धारण किया। । रवि कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट द्वारा 3815 वाद निस्तारित कर रू0 260700/- का जुर्माना अधिरोपित किया गया। देवप्रिय सारस्वत, सिविल जज (जू0डि0) ललितपुर द्वारा 1140 वाद निस्तारित कर रू0 90000/- का जुर्माना अधिरोपित किया गया। श्रीमती अदिति जैन, अपर सिविल जज (जू0डि0) ललितपुर द्वारा 1071 वाद निस्तारित कर 3324442/- की समझौता धनराषि का निर्धारण किया गया।

नवीन कुमार-2, सिविल जज (जू0डि0-एफ0टी0सी0) ललितपुर द्वारा 1019 वाद निस्तारित किया गया। बहादुर सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, ललितपुर द्वारा 10 वाद निस्तारित कर रू0 41900/- का समझौता धनराशि का निर्धारण किया गया।

# हत्या के मामले में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**ललितपुर।** मुठभेड़ के दौरान हत्या के प्रयास में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक स्कूटी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी, सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 1032/2025 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित प्रकरण में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त सोनू सेन पुत्र सतीश सेन उम्र करीब 32 वर्ष निवासी मुहल्ला महावीरपुरा कोतवाली ललितपुर को पुलिस मुठभेड के दौरान नियमानुसार घायल/गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त सोनू सेन उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । वादी मुकदमा की तहरीर के आधार पर कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

सूचना पर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर, मृतक के शव को कब्जा पुलिस लेकर, पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम कराया गया था था । फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल पर वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य संकलित किये गये थे । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए , पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसमें थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट, सर्विलांस टीम व जनपद के अन्य थाना/चौकी प्रभारी को लगाया गया था, जिनके द्वारा ललितपुर के लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करायी गयी थी ।

# मोबाइल लुटेरों की भीड़ ने करी जमकर धुनाई

**मेरठ।** मेरठ में मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों को भीड़ ने जमकर पीटा और फिर पुलिस को सौंप दिया। आरोपियों से लूटे गए मोबाइल बरामद कर दिए गए हैं। पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। ग्राम मुरलीपुर मुंडाली निवासी अंकित तोमर एक ज्वैलर्स के यहां सेल्समैन हैं। शनिवार रात घर जाते समय हापुड़ रोड पर बाइक सवार दो बदमाशों ने अंकित को रोका और उनके साथ मारपीट करते हुए हाथ से दो मोबाइल छीनकर भाग निकले। अंकित ने बदमाशों को पीछे शुरू कर दिया।

# यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्नवाली बाइकों का चालान किया



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के एलाइट चौराहे पर डेसिबल मीटर द्वारा मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न आदि की चेकिंग की गई और 4 वाहनों का ध्वनि प्रदूषण में चालान किया गया।

साथ ही यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर आमजन मांस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं। प्रवर्तन की कार्यवाही के तहत 104 वाहनों का एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जन्म से तीन गुना ज्यादा मौतें, लाखों का पलायन; जंग के बाद भी नहीं उबर पाएगी यूक्रेन की आबादी?

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन बीते तीन साल से भी अधिक समय से रूस के साथ जंग लड़ रहा है। 24 फरवरी 2022 को रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया, तब दोनों पक्षों ने भी नहीं सोचा था कि यह युद्ध सालों तक चलेगा। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई वैश्विक नेताओं की कोशिशों के बावजूद अब तक युद्धविराम नहीं हो पाया है और जंग के निकट भविष्य में खत्म होने के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच एक रिपोर्ट में यूक्रेन की आबादी को लेकर कुछ हैरान करने वाले खुलासे हुए हैं। इसके मुताबिक जंग से त्रस्त यूक्रेन के सामने एक अन्य बड़ी चुनौती है, जिसका मुकाबला करना और भी मुश्किल होगा। ईयू ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की आबादी बड़े संकट से गुजर रही है। युद्ध, बड़ी संख्या में लोगों का पलायन और गिरती जन्म दर की वजह से यूक्रेन की आबादी ऐतिहासिक रूप से कम हो गई है। यूक्रेन में इस मामले से जुड़े एक्सपर्ट्स इसे गंभीर समस्या बता रहे हैं। यूक्रेन इंस्टीट्यूट फॉर डेमोग्राफी एंड सोशल स्टडीज के अर्थशास्त्री अलेक्सांद्र ग्लैडुन के मुताबिक देश की जनसंख्या, जो 1990 के दशक की शुरुआत से घट रही है, न केवल रूस के साथ संघर्ष की वजह से, बल्कि दशकों से चली आ रही नीतियों से भी प्रभावित है। ग्लैडुन ने कहा है कि यूक्रेन ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहा है जिनका सामना किसी अन्य देश ने पहले कभी नहीं किया है। ग्लैडुन के मुताबिक देश के सामने आए इस संकट के पीछे की सबसे बड़ी वजह पलायन है। 2022 से अब एक लगभग 70 लाख लोग, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे हैं, देश छोड़ चुके हैं। एक अनुमान के मुताबिक 4.3 मिलियन यूक्रेनी ने यूरोपीय यूनियन में शरण ले ली हैं। वहीं रूस के साथ जंग में हजारों यूक्रेनी मारे गए हैं। यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की ने फरवरी 2025 में एक इंटरव्यू में कहा था कि इस जंग में अब तक 46,000 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिक मारे गए। इसके अलावा हजारों सैनिक अब भी लापता हैं या रूसी जेलों में कैद में हैं।

### यूएन महासभा में हमास-मुक्त फिलिस्तीनी देश के पक्ष में 142 देशों ने वोट दिया

**लंदन, एजेंसी।** महासभा ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन को अपनाया, जिसमें दो-राष्ट समाधान को फिर से जिंदा करने की पहल की गई है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 142 देशों ने मतदान किया, जिनमें भारत भी शामिल रहा। अमेरिका सहित 10 देशों ने विरोध किया जबकि 12 ने मतदान से परहेज किया। इजराइल ने इस कदम को खारिज कर दिया। इजराइली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओरेन मार्मोरस्टीन ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, एक बार फिर, यह साबित हो गया है कि महासभा वास्तविकता से कितनी दूर एक राजनीतिक सर्कस है, इस प्रस्ताव में, एक बार भी इस बात का जिक्र नहीं है कि हमास एक आतंकवादी संगठन है। वही, फ्रांस और सऊदी अरब द्वारा पेश इस प्रस्ताव में 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए हमलों की निंदा की गई है और संगठन से हथियार डालने व सभी बंधकों को रिहा करने की मांग की गई है।

### यूनुस के मंत्री ने कहा-दुर्गा पूजा मेलों में गांजा-शराब.. हिंदू संगठन बोले- यहआपत्तिजनक और भड़काऊ

**ढाका , एजेंसी।** दुर्गा पूजा शुरू होने से पहले ही बांग्लादेश में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जिसने हिंदू समुदाय को गहराई से आहत कर दिया। चौधरी ने कहा कि पूजा मेलों में गांजा और शराब का अड्डा लगता है, इसलिए इस बार बड़े मेले नहीं होंगे। हिंदू संगठनों का कहना है कि यह बयान उनकी आस्था पर हमला है और सरकार का रवैया उन्हें असुरक्षित महसूस करा रहा है। हिंदू संगठनों ने चौधरी की टिप्पणी को आपत्तिजनक और भड़काऊ बताया। उन्होंने कहा किदुर्गा पूजा हमारी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है, इसे नशे से जोड़ना अपमान है। विसर्जन का समय शाम 7 बजे तक तय करने को धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप बताया। हिंदू संगठनों ने विरोध दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन ढाका प्रेस क्लब ने उन्हें बुकिंग देने से इनकार कर दिया।

## बेला चाव-चाव... चार्ली किर्क के हत्यारे ने

# गोली के खोलों पर उकेरे रहस्यमयी संदेश

**यूटा , एजेंसी।**
अमेरिकी कंजर्वेटिव कार्यकर्ता और टर्निंग पॉइंट यूएसए के संस्थापक चार्ली किर्क की हत्या के मामले में 22 वर्षीय टायलर रॉबिन्सन को गिरफ्तार किया गया है। रॉबिन्सन कथित तौर पर किर्क के विचारों से गहरी नाराजगी रखता था और हाल के वर्षों में वह अधिक राजनीतिक रूप से सक्रिय हो गया था। हत्या के 33 घंटे बाद एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया। इस मैनहंट के दौरान उसके परिवार ने ही उसे सरेंडर कराने में मदद की। जांचकर्ताओं को गोली के खोलों पर उकेरे गए संदेशों से उसके दिमाग की झलक मिली है, जो एंटी-फासीवादी नारों से लेकर मीम रेफरेंस तक फैले हुए हैं।




चार्ली किर्क की हत्या 11 सितंबर को यूटा वैली यूनिवर्सिटी (युवीयू) के एक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां वह कंजर्वेटिव विचारों पर बोल रहे थे। काफी दूर एक छत से चलाई गई गोली ने किर्क को सीधे निशाना बनाया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यूटा गवर्नर स्पेंसर कॉक्स ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी और रॉबिन्सन ने अकेले ही यह वारदात को अंजाम दिया।

जांच के दौरान राइफल के चैंबर में मिले तीन अनफायर खोलों और एक फायर खोले पर विभिन्न संदेश उकेरे मिले, जो रॉबिन्सन के राजनीतिक और सांस्कृतिक झुकाव को दर्शाते हैं। यूटा गवर्नर स्पेंसर कॉक्स ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन संदेशों का खुलासा किया। ओह बेला चाव, बेला चाव, बेला चाव चाव चाव। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली के एंटी-फासीवादी प्रतिरोध गीत का संदर्भ है। यह गीत मुसोलिनी शासन और नाजी कब्जे के खिलाफ पार्टिसन्स द्वारा गाया जाता था। इसका शाब्दिक अर्थ है अलविदा, सुंदर, लेकिन आज यह विद्रोह का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। अगर आप यह पढ़ रहे हैं, तो आप गे हैं , जो एक व्यंग्यात्मक मीम-स्टाइल संदेश है।

नोटिसेस, बल्जेस, ओडब्ल्यूओ, व्हाट्स दिस? यह संदेश फर्री और रोलप्ले कम्युनिटीज से जुड़ा है, जो ऑनलाइन फ्लर्टिंग या अजीबोगरीब व्यवहार का वर्णन करता है। तीन नीचे की तीरें के साथ ऊपर और दाईं तीर का संयोजन गेम हेलडाइवर्स 2 के स्ट्रेटेजम इनपुट की ओर इशारा करता है, जो ईगल 500 किलो बम बुलाने के लिए इस्तेमाल होता है। यह एंटीफा के प्रतीक से असंबंधित है। इन संदेशों से पता चलता है कि रॉबिन्सन राजनीतिक असहिष्णुता के साथ-साथ इंटरनेट कल्चर और गेमिंग से प्रभावित था। बता दें कि एंटीफा का पूरा नाम एंटी-फासिस्ट है, जो एक ढीला-ढाला, गैर-केंद्रित आंदोलन है, जिसमें विभिन्न समूह और व्यक्ति शामिल हैं जो फासीवाद, नस्लवाद, श्वेत वर्चस्ववाद और अन्य दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधाराओं का विरोध करते हैं। यह कोई औपचारिक संगठन नहीं है, बल्कि एक विचारधारा और कार्यप्रणाली है, जो आमतौर पर बाएं-झुकाव वाली राजनीति से जुड़ी है। टायलर रॉबिन्सन यूटा के वाशिंगटन शहर का निवासी है, जो राज्य के दक्षिण-पश्चिमी कोने में स्थित है। उसके माता-पिता एंबर जोन्स रॉबिन्सन और मैट रॉबिन्सन हैं, जो लंबे समय से इस क्षेत्र के निवासी हैं। परिवार के पास उपनगरीय इलाके में एक छह बेडरूम वाला घर है, जिसकी कीमत लगभग 6,34,400 डॉलर है। मैट रॉबिन्सन वाशिंगटन काउंटी शेरिफ डिपार्टमेंट के 27 वर्षीय वेटरन हैं। रॉबिन्सन के दो भाई हैं। उसने अपने पिता और एक पादरी के सामने कथित तौर पर किर्क की हत्या की बात कबूली। शुरू में उसने कहा कि वह आत्महत्या करना पसंद करेगा बजाय सरेंडर के, लेकिन उसके माता-पिता ने उसे मनाया। पिता मैट ने खुद अधिकारियों से संपर्क किया और बेटे को सुरक्षित रूप से ओरेम ले जाकर सरेंडर कराया।

## ऑपरेशन बीच में ही छोड़कर भागा पाकिस्तानी डॉक्टर

### नर्स के साथ करने लगा सेक्स

**लंदन , एजेंसी।**
ब्रिटेन के टेमसाइड जनरल हॉस्पिटल (ग्रेटर मैनचेस्टर) में कार्यरत एक पाकिस्तानी मूल के एनेस्थेटिस्ट पर बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। डॉ. सुहैल अंजुम ने एक मरीज की गॉल ब्लैडर सर्जरी के बीच ऑपरेशन थिएटर छोड़ दिया और पास के दूसरे ऑपरेशन थिएटर में नर्स के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए पाए गए। यह मामला सितंबर 2023 का है, लेकिन अब मैनचेस्टर मेडिकल ट्रिब्यूनल में इसकी सुनवाई के दौरान पूरी घटना सामने आई।

रिपोर्ट के मुताबिक, डॉ. अंजुम उस सुबह पांच सर्जरी में शामिल हुए थे। तीसरी सर्जरी के दौरान उन्होंने साथी कर्मियों से कहा कि वे एक कम्फर्ट ब्रेक ले रहे हैं। उनकी जगह एक एनेस्थेटिक नर्स को मरीज की देखरेख के लिए छोड़ दिया गया। इसी दौरान वे पास के एक ऑपरेशन रूम में गए, जहां वे एक नर्स के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए।

एक दूसरी नर्स जब ऑपरेशन के लिए जरूर उपकरण लेने के लिए उस रूम में पहुंची और उन्हें आपत्तिजनक हालत में देख लिया। रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. अंजुम अपनी पैंट संभाल रहे थे जबकि नर्स की स्कर्ट घुटनों तक गिरी हुई थी।

पूछताछ में डॉ. अंजुम ने स्वीकार किया कि उन्होंने सर्जरी के दौरान मरीज को छोड़कर नर्स के साथ शारीरिक संबंध बनाए। उन्होंने ट्रिब्यूनल में कहा, यह मेरी जिंदगी का बेहद कठिन समय था। मेरी पत्नी ने हमारे सबसे छोटे बच्चे के समयपूर्व जन्म के बाद गंभीर आघात झेला था। उसी तनाव में यह गलती हुई। मैं बेहद शर्मिंदा हूं और इस हरकत की गंभीरता को पूरी तरह समझता हूं। इस घटना के बाद डॉ. अंजुम ने 2024 में हा॥स ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया। वह अब ब्रिटेन छोड़कर पाकिस्तान लौट चुके हैं।

## पोर्न स्टार ने पोस्ट कीं न्यूड तस्वीरें

# इंस्टाग्राम अकाउंट बंद करने पर मेटा पर भड़का कोर्ट

**कोलंबिया , एजेंसी।** एक पोर्न स्टार की न्यूड तस्वीरों के मामले में सुनवाई करते हुए कोलंबिया की एक अदालत ने मेटा से कहा है कि उसे अपनी प्रिवेसी पॉलिसी बदलनी होगी। कोलंबिया की जानी-मानी अडल्ट ऐक्ट्रेस एस्परांजा गोमेज ने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों में उन्होंने अंडर गारमेंट्स पहन रखे थे। गोमेज का दावा है कि अपने काम के तहत उन्होंने तस्वीरें पोस्ट की थीं। वहीं मेटा ने उनका इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिया। गोमेज के इंस्टाग्राम पर 50 लाख से ज्यादा फॉलोअर हैं। कोर्ट ने कहा कि मेटा ने बिना स्पष्ट कारण बताए ही गोमेज का अकाउंट बंद कर दिया। इससे उनका काम प्रभावित हुआ है। वहीं मेटा का कहना है कि गोमेज ने न्यूडिटी रूल्स का उल्लंघन किया था। कोर्ट ने कहा कि मेटा ने गोमेज की अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गोमेज जिस तरह की सामग्री पोस्ट करती थीं, उसी तरह की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने वाले और भी अकाउंट हैं जो कि ऐक्टिवेट हैं। ऐसे में गोमेज के खिलाफ की गई मेटा की कार्रवाई उचित नहीं है और उसके नियम भी स्पष्ट नहीं हैं। कोर्ट ने मेटा को आदे दिया है कि वह अनपे नियमों की समीक्षा करे और फिर बदलाव करे। इसके अलावा वह स्पष्ट रूप से यूजर्स को बताए कि उसके क्या नियम हैं। कोर्ट के इस फैसले पर मेटा की अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि दक्षिण अमेरिकी कोर्ट पहले भी मेटा को इस तरह के आदेश दे चुके हैं। किसी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर अवैध सामग्री, हेट स्पीच या फिर भड़काऊ कॉन्टेंट के लिए प्लैटफॉर्म खुद जिम्मेदार है।

# 6 घंटे की सर्जरी और एक चमत्कार ! सीधी हुई टेढ़ी रीढ़, वायरल हुई शख्स की एक्स-रे तस्वीरें

**बीजिंग, एजेंसी।**
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वायरल पर इन दिनों एक युवा की पोस्ट ने हज़ारों दिलों को छू लिया है। 20 वर्षीय ओलिवर मंडेला ने अपनी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी से पहले और बाद की ड्रामेटिक एक्स-रे तस्वीरें साझा कीं, जो कुछ ही घंटों में वायरल हो गईं। पोस्ट का शीर्षक था- 11 मार्च को हुई 6 घंटे की सर्जरी के बाद मैं स्कोलियोसिस से ठीक हो गया। अब तक यह प्रेरणादायक कहानी 21,000 से अधिक अपवोट्स हासिल कर चुकी है और दुनियाभर से लोगों की दुआएं और शुभकामनाएं ओलिवर को मिल रही हैं।




**क्या है स्कोलियोसिस?:** स्कोलियोसिस एक रीढ़ की हड्डी की स्थिति है, जिसमें हड्डी ए या ष्ट के आकार में मुड़ जाती है। यह स्थिति न केवल शरीर की बनावट को प्रभावित करती है, बल्कि इससे सांस लेने में दिक्कत, मांसपेशियों में तनाव और स्थायी दर्द भी हो सकता है। यह एक ऐसा शारीरिक विकार है जो शरीर के पोश्चर को असामान्य बना देता है। इसमें पीठ में कूबड़ सा उभर आता है और चलने-फिरने में परेशानी होने लगती है। नेशनल स्कोलियोसिस फाउंडेशन के अनुसार, केवल अमेरिका में लगभग 70 लाख लोग इस स्थिति से जूझ रहे हैं – जिनमें अधिकांश किशोर लड़कियां होती हैं। ओलिवर की स्थिति बेहद गंभीर थी। उन्होंने बताया कि सर्जरी से पहले उन्हें- सांस लेने में दिक्कत होती थी, लगातार दर्द बना रहता था, और पैरों में कमजोरी के कारण लंगड़ाकर चलना पड़ता था। डॉक्टरों ने उन्हें स्पाइनल फ्यूजन सर्जरी की सलाह दी – इसमें रीढ़ की दो या अधिक हड्डियों को स्थायी रूप से जोड़ दिया जाता है ताकि हड्डी सीधी रहे और मुड़ना बंद हो जाए। सर्जरी सफल रही, और आज ओलिवर का कहना है- अब मुझे दर्द नहीं होता, सांस लेना आसान हो गया है, और शरीर में ऊर्जा पहले से कहीं ज्यादा है।

## ज्ञान मत दो, तुमने भी माली-सीरिया में खूब बम बरसाए

# इजरायल ने फ्रांस और ब्रिटेन को रगड़ दिया

**बीजिंग, एजेंसी।** कतर की राजधानी दोहा में हवाई हमलों को लेकर कई मित्र देश ही इजरायल की आलोचना कर रहे हैं। लेकिन इजरायल पीछे हटने को तैयार नहीं है। संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में इजरायल के स्थायी प्रतिनिधि डैनी डैनन ने शुक्रवार को पश्चिमी सहयोगी देशों- खासकर फ्रांस और ब्रिटेन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने दोहा में हमास के वरिष्ठ नेताओं पर की गई हवाई कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि ये देश खुद आतंकवाद के खिलाफ विदेशी धरती पर सैन्य कार्रवाइयां करते रहे हैं, लेकिन इजरायल के कदमों पर सवाल उठा रहे हैं। दरअसल जब गाजा में युद्ध विराम के अमेरिकी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए हमास नेता दोहा में एकत्र हुए थे तभी इसी दौरान इजराल ने हमला कर दिया जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए। इस कदम को सही ठहराने के लिए डैनन ने अमेरिका के उस ऑपरेशन का



हवाला दिया जिसमें ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मारा गया था। इतना ही नहीं, दोहा में हवाई हमले के खिलाफ ज्ञान दे रहे फ्रांस और ब्रिटेन को भी इजरायली दूत ने खूब लताड़ लगाई। यूएनएससी की बैठक में डैनन ने अपने भाषण में कहा, जब पाकिस्तान में बिन लादेन को खत्म किया गया, तब किसी ने भी सवाल यह नहीं पूछा कि विदेशी धरती पर आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया। आज भी ऐसा ही होना चाहिए। जब बिन लादेन के लिए कोई छूट नहीं थी तो हमास के लिए भी कोई छूट नहीं हो सकती। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल का ऑपरेशन आत्मरक्षा में किया गया और इसका उद्देश्य केवल हमास के आतंकियों को निशाना बनाना था, न कि कतर को। डैनन ने फ्रांस और ब्रिटेन को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा, फ्रांस ने माली, चाड, बुर्किना फासो और मॉरिटानिया में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की और उन्होंने विदेशी धरती पर बमबारी की। हवाई हमले किए। क्या तब दुनिया ने उनकी निंदा की? नहीं। लेकिन जब इजरायल आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाता है, तो ये सहयोगी देश यूएन में हमें सबक सिखाने लगते हैं। उन्होंने इन देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि पश्चिमी दुनिया को हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने और बंधकों की रिहाई की मांग करनी चाहिए।

# रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**मॉस्को , एजेंसी।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया।

स्त्रस् ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं।

अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महिनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज किए गए हैं।

रूस के कामचटका में जो प्रशांत रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1,200 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे (मैग्निट्यूड 2.0 से 4.0 के बीच) थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 3 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। साल 2025 का सबसे विनाशकारी भूकंप 30 जुलाई को रूस के कामचटका में पर आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 8.8 मापी गई। यह पिछले 10 वर्षों का सबसे बड़ा झटका था।

## रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाना आसान काम नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाना कोई आसान काम नहीं है और इससे भारत के साथ मतभेद पैदा होते हैं। शुक्रवार को फॉक्स एंड फ्रेंड्स को दिए एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया कि रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन पर शिकंजा कसने का क्या मतलब है, तो उन्होंने कहा, देखिए, भारत उनका सबसे बड़ा ग्राहक था। मैंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया क्योंकि वे रूस से तेल खरीद रहे हैं। यह कोई आसान काम नहीं है। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ मतभेद पैदा होते हैं।ट्रंप ने कहा, लेकिन मैं यह पहले ही कर चुका हूं। मैंने बहुत कुछ किया है। ट्रंप ने आगे कहा, और याद रखें कि यह हमारी समस्या से कहीं ज्यादा यूरोप की समस्या है। साक्षात्कार में, ट्रंप ने अपने इस दावे को भी दोहराया कि राष्टपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने अब तक सात संघर्षों को सुलझाया है। उन्होंने कहा, मैंने सात युद्ध सुलझाए। पाकिस्तान और भारत भी शामिल हैं, लेकिन बड़े युद्ध, जिनमें से कुछ अनसुलझे थे, जैसे कांगो और रवांडा। मैंने उन्हें सुलझाया। यह 31 सालों से चल रहा था, लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे युद्ध सुलझाए जो अनसुलझे थे। हालांकि, भारत हमेशा से ट्रंप के युद्धविराम करवाने के दावे को खारिज करता रहा है। भारत ने साफ किया है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद ही हुआ। इसमें कोई भी तीसरा देश शामिल नहीं था। वहीं, रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए, भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्टीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

# जेन जेड ने कर दिया 25 अरब का नुकसान

**काठमांडु एजेंसी।**
नेपाल में बीते दिनों युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश को जान माल की बड़ी हानि हुई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रदर्शन से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। वहीं युवाओं ने देश के संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट सहित कई बड़े मंत्रियों के घरों को आग के हवाले कर दिया, जिससे उबरने में देश को महीने लग सकते हैं। इस बीच अब नेपाल के होटल उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया है कि हिंसा के दौरान इंडस्ट्री को करीब 25 अरब नेपाली रुपए का नुकसान हुआ है।

बता दें कि नेपाल की अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर टूरिज्म पर निर्भर करती है और होटल उद्योग इसका एक प्रमुख हिस्सा है। जानकारी के मुताबिक बीते दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर के लगभग दो दर्जन होटलों में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की घटनाओं के बाद 25 अरब नेपाली रुपये से अधिक का



नुकसान हुआ है।

माई रिपब्लिका ने होटल एसोसिएशन नेपाल द्वारा जारी एक बयान के हवाले से बताया कि सबसे ज्यादा प्रभावित होटलों में काठमांडू का हिल्टन होटल शामिल है, जिसे अकेले 8 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। काठमांडू घाटी, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, झापा, विराटनगर, धनगढ़ी, महोत्तरी और डांग-तुलसीपुर के अन्य प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड होटलों को भी हिंसा की वजह से भारी नुकसान हुआ है।

होटल एसोशिएशन ने कहा है कि कई प्रभावित होटल मरम्मत के बिना फिर से काम शुरू नहीं कर पाएंगे, जिससे 2,000 से लोगों की नौकरियां भी प्रभावित होंगी। वहीं यह चिंता भी जताई है कि इस बर्बादी की वजह से होटलों के लिए बैंकों को पैसा चुकाना भी मुश्किल होगा। लोगों ने घटनाओं की जांच के लिए एक न्यायिक समिति बनाने और दोषियों को सजा देने की मांग की है। वहीं प्रभावित व्यवसायों के लिए मुआवजे की मांग भी की गई है। इस बीच नेपाल की पूर्व सीजेआइ सुशीला कार्की ने अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया है। सुशीला कार्की को शुक्रवार रात नेपाल के राष्टपति राम चंद्र पौडेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। शपथ लेते ही अंतरिम सरकार का पहली जिम्मेदारी मौजूदा हालातों को सामान्य बनाकर देश में नए सिरे से चुनाव कराने की होगी। 73 वर्षीय सुशीला कार्की ने कहा है कि वह छह महीने या एक साल के भीतर चुनाव संपन्न करवाने की कोशिश करेंगी।

# एशिया कप में आज होगा यूएई और ओमान का मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम का सामना ग्रुप ए मुकाबले में ओमान से होगा। इस मैच में यूएई की टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि उसके अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वहीं ओमान की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरेगी। दोनों ही टीमों अपने-अपने शुरुआती मुकाबले हारी हैं। ऐसे में अब इनका लक्ष्य इस मैच को जीतकर अपना खाता खोलना रहेगा। यूएई की टीम का प्रदर्शन अपने पहले मैच में अच्छा नहीं रहा और उसे भारतीय गेंदबाजों ने 57 रनों पर ही समेट दिया था। इसी प्रकार ओमान की टीम भी . पाकिस्तान के खिलाफ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 67 रन ही बना पायी थी। .

यूएई के मुख्य कोच लालचंद राजपूत को उम्मीद है कि उनकी टीम ओमान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेगी। . उन्होंने कहा कि टीम को जीत दिलाने कप्तान मुहम्मद वसीम, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा और आसिफ खान जैसे बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा गेंदबाजों को भी प्रभावी प्रदर्शन करना होगा।

ओमान के शाह फैसल और आमिर कलीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अच्छी गेंदबाजी कर तीन-तीन विकेट लिए थे। टीम के खिलाड़ियों के पास ये अपने को साबित करने का बड़ा अवसर है। टीम के बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदरी भारतीय मूल के कप्तान जतिंदर सिंह पर रहेगी।

यूएई और ओमान दोनों ही एसोसिएट टीमें होने के कारण बराबर की टक्कर होगी। इसमें मेजबान यूएई के पास घरेलू हालातों से लाभ उठाने का अवसर है। वहीं ओमान की टीम अपनी फिटनेस और फील्डिंग के बल पर मुकाबले में हावी होना चाहेगी। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं -

**यूएई:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान.

**ओमान:** जतिंदर सिंह (कप्तान), आशीष ओडेदरा, आमिर कलीम, करण सोनावले, हसनैन शाह, मोहम्मद नदीम, विनायक शुक्ला, हम्माद मिर्जा, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव, मोहम्मद इमरान.




# श्रेयस की कप्तानी में 16 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी भारत ए टीम



**लखनऊ (एजेंसी)।** यहां के इकाना स्टेडियम में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए टीमों के बीच इसी माह में दो चार दिवसीय क्रिकेट मुकाबले खेले जाएंगे। इसका पहला मुकाबला 16 सितंबर से शुरु होगा। इन मुकाबलों के लिए इकाना स्टेडियम तैयार है। इन मैचों में भारत ए की कप्तानी श्रेयस अय्यर के पास रहेगी। इन मैचों में शामिल खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेंगे। इसमें श्रेयस के अलावा मोहम्मद सिराज और के एल राहुल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

भारत की ए टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ी शामिल हैं। दोनो ही टीमों में शामिल कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में रहे हैं, जिससे इस सीरीज में शीर्ष स्तर का क्रिकेट देखने को मिलेगा। ऐसे में ये सीरीज क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक शानदार अनुभव होगी

यह सीरीज न केवल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका है, बल्कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए भी एक अवसर है कि वे भविष्य की भारतीय टीम के लिए नए सितारों की खोज कर सकें। श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबले राष्ट्रीय टीम में वापसी की राह बना सकते हैं पर इसके लिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### भारत ए टीम

इस टीम के ऐलान के बाद ये भी रेखांकित किया गया है कि केएल राहुल और मोहम्मद सिराज को दूसरे बहु-दिवसीय मैच के लिए टीम में शामिल किया जाएगा और वे पहले बहु-दिवसीय मैच के बाद टीम में शामिल दो खिलाड़ियों की जगह लेंगे.

### ऑस्ट्रेलिया ए टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, आरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोंस्टास, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली, लियाम स्कॉट

# इस कारण एशिया कप के लिए दुबई नहीं गये हैं बीसीसीआई अधिकारी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारारियों ने एशिया कप से दूरी बनायी हुई है। हालांकि बीसीसीआई ही इसकी मेजबानी कर रहा है। आम तौर पर मेजबान बोर्ड के बड़े अधिकारी कहीं भी टूर्नामेंट खेला जा रहा हो उसमें उपस्थित रहते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण ही ये टूर्नामेंट यूएई में रखा है। इसके बाद भी बीसीसीआई अधिकारी वहां जाने से बच रहे हैं। इसका कारण देश भर में पाकिस्तान से खेलने का विरोध माना जा रहा है भारत में सोशल मीडिया पर इस मैच के बॉयकॉट की बातें चल रही हैं, इसके टिकटों की भी इस बार मांग नहीं रही। माना जा रहा है कि बीसीसीआई अधिकारी दुबई जाकर जानता को ठेस नहीं पहुंचना चाहते हैं। पहले जहां इस मैच के लिए रोमांच रहता था पर अब ऐसा नहीं है, उसके पूरे टिकट तक नहीं बिके हैं। इसके अलावा मैच को टीवी या ऑनलाइन नहीं देखते की भी अपील हो रही है।



प्रशंसकों ने पहलगाम हमले में पाक के शामिल होने के कारण इस मैच के बहिष्कार की अपील की है। सोशल मीडिया पर भी यह ट्रेंड छाया हुआ है कि जब तक पाक की ओर से सीमा पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। तब तक उसके साथ खेलने का मतलब नहीं है। इसी दबाव को देखते हुए सचिव देवजीत सैकिया और अन्य अधिकारी दुबई नहीं गये हैं। वहीं माना जा रहा है कि केवल राजीव शुक्ला ही एसीसी प्रतिनिधि के तौर पर वहां मौजूद रहेंगे। ये भी बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इससे ये साफ है कि बोर्ड जनभावनाओं के खिलाफ कोई भी कदम नहीं उठाना चाहता है।

# हांगकांग पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी श्रीलंका

**दुबई (एजेंसी)।** श्रीलंका की टीम सोमवार को यहां एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में हांगकांग के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। श्रीलंका ने पहले ही मैच मे बांग्लादेश को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं।

वहीं हांगकांग की टीम को अब तक हुए दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा है हालांकि उसकी टीम का प्रदर्शन ठीक कहा जा सकता है। उस कठिन टीमों का सामना करना पड़ा है। अब उसके बल्लेबाजों को नुवान तुषारा और दुष्मंथा चमीरा जैसे तेज गेंदबाजों और रहस्यमयी स्पिनर वानिन्दु हसरंगा का मुकाबला करना होगा। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ मथीशा पथिराना पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और अब वह इस मैच में लय हासिल करना चाहेंगे। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कामिल पर रहेंगी। वहीं हांगकांग में कुछ एक ही बल्लेबाज अच्छे हैं। उसके बल्लेबाज यासिम मुर्तज, जीशान अली और अंशुमान रथ किसी प्रकार श्रीलंकाई आक्रमण का सामना करते हैं ये देखना होगा।




बांग्लादेश से हार के बाद मुर्तज़ा ने कहा था कि हमें अच्छी बल्लेबाज करनी चाहिये थी जिसमें हम असफल रहे। ऐसे में अब वह श्रीलंका के खिलाफ बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं सलामी बल्लेबाज जीशान और अंशुमान पर पावरप्ले में अधिक से अधिक रन बटोरने की जिम्मेदारी रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो हांगकांग की राह बेहद कठिन है क्योंकि श्रीलंकाई टीम उससे हर मामले में काफी आगे है। ऐसे में अधिक अनुभवी इस टीम के खिलाफ उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ करना चाहेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**श्रीलंका:** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानीदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिन्दु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना.

**हांगकांग:** यासिम मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, जीशान अली, निजाकत खान, नसरुल्ला राणा, मार्टिन कोएट्जी, अंशुमन रथ, कल्हण चल्लू, आयुष शुक्ला, ऐजाज खान, अतीक इकबाल, किंचित शाह, आदिल महमूद, हारून अरशद, अली हसन, शाहिद वासिफ, मोहम्मद गजनफर, मोहम्मद वहीद, अनस खान, एहसान खान.

# अब भारतीय हॉकी टीम को विश्वकप में जीत दिलाना चाहते हैं अभिषेक

नई दिल्ली । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक नैन ने हाल ही में एशिया कप हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अगले साल नीदरलैंड तथा बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। अब अभिषेक का कहना कि वह टीम को विश्व कप में जीत दिलाना चाहते हैं। उनका कहना है कि इस टीम में जीत दर्ज करने की पूरी क्षमताएं हैं। उन्होंने कहा, 'हमने 50 साल से विश्व कप नहीं जीता और मुझे लगता है कि यह टीम जीत सकती है क्योंकि हम शीर्ष टीमों को हरा चुके हैं। हमें बस निरंतरता पर काम करना होगा क्योंकि किसी मैच में तो हम बहुत अच्छा खेलते हैं तो किसी में खराब भी हो जाता है। उन्होंने कहा, 'हमें डीप डिफेंस और सर्कल के भीतर फिनिशंग पर थोड़ा और काम करना होगा। अपने खेल की बात करूं तो मुझे अपने बेसिक्स को बेहतर करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी के स्वर्णिम दौर को लौटाने के लिये इस टीम को जीत की आदत डालनी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि 1975 से पहले वाला हमारा स्वर्णिम दौर वापिस लौटे जब हमने ओलंपिक में इतने पदक जीते। मैं चाहता हूं कि हर बड़े टूर्नामेंट में हम देश के लिए पदक जीते। पदक जीतने की हमें आदत पड़ जानी चाहिए। हम उस दिशा में आगे बढ रहे हैं। दो ओलंपिक में कांस्य जीत चुके हैं लेकिन अब हमें पदक का रंग बदलना होगा। उन्होंने कहा, 'अब हमे विश्व कप की तैयारी के लिए लंबा समय मिल गया है। अपनी बात करूं तो मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जो आगामी टूर्नामेंटों और विश्व कप में काफी काम आएगा। अभिषेक ने कहा कि उन्हें बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा पुर्तगाल के महान फुटबॉलर रोनाल्डो से मिली है।

# पाक के पूर्व क्रिकेटर उमर गुल ने भारतीय बोर्ड की रोटेशन प्रणाली को सराहा

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर उमर गुल ने कहा है कि जिस प्रकार भारतीय बोर्ड अपने खिलाड़ियों की देखभाल कर रहा है। उसकी जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। गुल ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह के मामले में कार्यभार प्रबंधन काफी अच्छे तरीके से किया है। वहीं कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट को भी इससे सीख लेनी चाहिये। उसे भी भारतीय बोर्ड की तरह ही रोटेशन नीति अपनानी चाहिये। पाकिस्तान के इस पूर्व तेज गेंदबाज कहा कि भारतीय बोर्ड ने रोटेशन नीति से बुमराह के करियर की क्षमता को अधिकतम स्तर तक लाने के प्रयास किये हैं। इसी कारण चोट के बाद वापसी के बाद भी बुमराह पहले की तरह ही तेज गेंदबाजी कर रहे हैं। वहीं गुल ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट में स्थापित खिलाड़ियों में भी जगह को लेकर असुरक्षा की भावना है, जिसके कारण वे पूरी तरह से फिट नहीं होने पर भी मैच खेलते हैं। उन्होंने कहा , हमारी व्यवस्था में समस्या ये है कि जब हम खेलते थे, तो कोई भी सीनियर खिलाड़ी अपनी फिटनेस बताने में डरता था। अगर वह 70-80 फीसदी भी फिट होता तो वह कहता मैं खेलना चाहता हूं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि अगर कोई दूसरा खिलाड़ी आता है और अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसकी जगह चली जाती क्योंकि रोटेशन नीति हमारी बोर्ड की संस्कृति में नहीं है। हम केवल उस समय का प्रदर्शन देखते हैं।

# धोती-कुर्ते वाले लुक में नजर आये गांगुली


कोलकाता । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली एक नये लुक में नजर आये हैं। प्रिंस ऑफ कोलकाता के नाम से लोकप्रिय गांगुली अपने नाम के अनुसार शाही अंदाज वाले एथनिक लुक में नजर आने आये हैं, जिसके बाद से ही प्रशंसकों ने उनके लुक को सराहा है। इस ट्रेंडिंग फोटोशूट में गांगुली अपने बोर्डरूम ब्लेजर की जगह ही बारीक डिजाइन वाले धोती-कुर्ते पहने दिखे। इससे वह शोस्टॉपर नजर आ रहे थे। इससे सोशल मीडिया पर उनकी जमकर प्रशंसा की गयी है। एक प्रशंसक ने खुशी से कहा, गांगुली मैच और दिल दोनों ही बराबर जीत सकते हैं, जबकि दूसरे ने उन्हें बेहतरीन स्टाइल दादा बताया। वहीं एक बड़ा सवाल यह है कि क्या हो रहा है? त्योहारों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में कई लोग अनुमान लगा रहे हैं कि यह शूट किसी ब्रांड अभियान का हिस्सा हो सकता है। एक बात तो तय है कि गांगुली अपने को नए अंदाज में दिखाना पसंद करते हैं। लॉर्ड्स में अपनी जर्सी लहराने से लेकर धोती पहनकर देसी अंदाज में दादा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह फैशन से बाहर नहीं हो सकते। गौरतलब है कि गांगुली को भारत के सबसे प्रभावशाली क्रिकेट कप्तानों में से एक माना जाता है। साल 2000 से 2005 के बीच उनकी कप्तानी में भारतीय टीम एक नये रुप में नजर आयी। उनकी कप्तानी में टीम आक्रामक होकर उभरी। भारतीय टीम साल 2003 के आईसीसी विश्व कप के फाइनल में पहुंची और उसने विदेशों में बेहतरीन टेस्ट जीत हासिल की। साल 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गांगुली पहले बंगाल और उसके बाद क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष बने। इसके अलावा भी उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं।



# सात्विक-चिराग और लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में हारे

**हांगकांग (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा लक्ष्य सेन आज हांगकांग ओपन के फाइनल में हार गए और उन्हें उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी फाइनल में जीत के करीब पहुंच गयी थी, लेकिन यहां पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग से 62 मिनट में 21-19, 14-21, 17-21 से हार गए।

पुरुष एकल में भारत का खिताब का सपना टूट गया। लक्ष्य सेन को पुरुष एकल फाइनल में दूसरे वरीय चीन के ली शि फेंग से 21-15, 21-12 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस परिणाम के साथ, भारत ने दो रजत पदक के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। शुरुआत से ही, भारतीय जोड़ी में एक उद्देश्यपूर्ण भावना थी। उन्होंने स्पष्ट सर्विस और रिटर्न किया, समझदारी से रैलियां बनाईं और गेम पॉइंट पर एक शांत हॉकआई चैलेंज की मदद से पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया।



यह इस बात का संकेत था कि उन्होंने अपनी ताकत और स्थिर निर्णय को कितनी अच्छी तरह से संयोजित करना सीख लिया है। हालाँकि, चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल कर ली। लियांग के तीखे स्मैश और वांग के तेज इंटरसेप्शन ने भारतीयों को बार-बार बचाव करने पर मजबूर कर दिया। 21-14 का स्कोरलाइन न केवल दूसरी टीम के दबाव को दर्शाता है, बल्कि सात्विक-चिराग की लंबाई और रोटेशन की गुणवत्ता में भी थोड़ी गिरावट दर्शाता है। जैसा कि अक्सर उच्चतम स्तर पर होता है, निर्णायक गेम शुरुआती कुछ आदान-प्रदानों पर निर्भर था।

लियांग और वांग ने शुरुआत में ही हमला बोला और भारतीयों के संभलने से पहले ही स्कोर 6-0 कर दिया। हालांकि सात्विक और चिराग ने बीच में ही अपनी लय पकड़नी शुरू कर दी और साहसिक खेल और तेज पूर्वानुमान के साथ 10-18 से 17-20 पर पहुंच गए, लेकिन अंतर बहुत ज्यादा साबित हुआ। तीसरे मैच पॉइंट पर लियांग के क्लीन विनर ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले को पक्का कर दिया।

भारतीय टीम तीसरे गेम को थोड़े अफसोस के साथ, लेकिन साथ ही उत्साह के साथ भी देखेगी। वे कभी भी किसी से कमतर नहीं रहे, बस कुछ जगहों पर उनसे आगे निकल गए। उनका आक्रामक इरादा, खासकर सात्विक के फ्लैट स्मैश और चिराग का नेट पर नियंत्रण, हर शीर्ष जोड़ी को परेशान करता रहा। उन्हें निर्णायक मुकाबलों में शुरुआती झटकों का सामना करने के लिए स्थिरता की जरूरत है, यह एक ऐसा सबक है जो हाल के महीनों में एक से ज्यादा बार सामने आया है। थाईलैंड में जीत के बाद से भले ही वे खिताबों से दूर रहे हों, लेकिन इस अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे विश्व युगल में शीर्ष पर क्यों हैं। अब जबकि सीजन सुपर 750 और सुपर 1000 स्पर्धाओं की ओर बढ़ रहा है, उनकी शुरुआत में थोड़ी कसावट और अंत में एक अटूट ध्यान बहुत बड़ा अंतर ला सकता है। जोड़ी अभी भी अपने कौशल और धैर्य के बीच संतुलन को निखार रही है, उसके लिए हांगकांग सही दिशा में एक और कदम था - भले ही आखिरी कदम अभी उठाना बाकी हो।

# नागल की जीत के साथ ही भारत ने डेविस कप में स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया



बिएल । भारतीय टीम के सुमिल नागल ने डेविस कप टेनिस के विश्व ग्रुप 1 के पहले दौर के मैच में स्विट्जरलैंड के हेनरी बर्नेट को एकल में 6-1, 6-3 से हरा दिया। इसी के साथ ही भारत को स्विस टीम पर 3-1 की जीत मिली है। भारतीय टीम अब विश्व ग्रुप के क्वालीफायर में पहुंच गयी है। वहीं स्विट्जरलैंड टीम ने भी विश्व ग्रुप 1 से प्ले-ऑफ में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने इसी के साथ ही साल 2019 में डेविस कप प्रारूप में बदलाव के बाद से ही पहली बार विश्व ग्रुप 1 के अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। भारतीय टीम की ओर से दक्षिणेश्वर सुरेश ने शुरुआती मैच में जेरोम किम को 7-6(5), 6-3 से हराकर अच्छी शुरुआत की। वहीं नागल ने दिन के दूसरे मैच में मार्क-एंड्रिया ह्यूस्लर को 8-3, 7-6(1) से हराकर शुरुआती एकल के बाद भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद मेजबान स्विस टीम ने पुरुष युगल मुकाबले में वापसी करते हुए जीत दर्ज की। जैकब पॉल और डोमिनिक स्ट्राइकर ने एन. श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया। एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने 6-7(3), 6-4, 7-5 से जीत हासिल की और इससे अब स्कोर 1-2 हो गया। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की और टाई-ब्रेक के बाद पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद नागल ने एकल में बर्नेट को हराकर भारतीय टीम को जीत दिला दी।

# भारतीय टीम अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफीका से टेस्ट सीरीज खेलेगी

मुम्बई( । विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2027 चक्र को देखते हुए भारतीय टीम को अब अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफीका से होने वाली सीरीज में जीत दर्ज करनी होगी। ऐसे में टीम के लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना जरुरी है। इसमें सबसे पहला तो ये है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तरोताजा रहें। बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तीन ही मैच में हिस्सा ले पाए। बुमराह तीनों प्रारुपों में भारतीय टीम का अभिन्न अंक है। भारत को आगामी समय में एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप जैसे व्हॉइट बॉल टूर्नामेंट भी खेलने हैं। ऐसे में गिल-गंभीर बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के लिए कैसे तरोताजा रखना है इस बात का ध्यान कप्तान और कोच को रखना होगा। इसके अलावा दूसरा ये है कि लिए नंबर तीन पर किये उतारा जाएगा। इस बात का भी ध्यान रखना होगा। इंग्लैंड दौरे पर साई सुदर्शन और करुण नायर को नंबर-3 पर खेलने का मौका मिला पर दोनो ही सफल नहीं रहे।

# भारत की जैसमीन लम्बोरिया विश्व चैम्पियन बनी, नुपूर को रजत और पूजा को कांस्य

**लिवरपूल (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया जब वह विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग में चैम्पियन बन गई।

पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली जैसमीन ने 57 किलोवर्ग के फाइनल में शनिवार को देर रात 4-1 (30-27, 29-28, 30-27, 28-29, 29-28) से जीत दर्ज की। नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ जैसमीन विश्व चैम्पियन बनने वाली भारत की नौवीं मुक्केबाज बन गई।

इससे पहले 6 बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता निकहत जरीन (2022 और 2023), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006), नीतू गंघास (2023), लवलीना बोरगोहेन (2023) और स्वीटी बूरा (2023) यह खिताब जीत चुकी है।

तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया। ओलंपिक फाइनल में लिन यू-टिंग से हारने वाली पोलैंड की यह मुक्केबाज तेज और सटीक थी और रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करते हुए तेजी से अंदर-बाहर हो रही थी। उन्होंने पहला राउंड 3-2 से जीत लिया। लेकिन दूसरे राउंड में भारतीय खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की।

जैसमीन ने मुकाबले पर नियंत्रण बनाया तथा आक्रमण और रक्षण के बीच शानदार समन्वय स्थापित किया जिससे सभी जज उनके पक्ष में हो गए। जब अंतिम फैसला सुनाया गया, तो आमतौर पर शांत रहने वाली जैसमीन ने हल्की सी चीख मारी और फिर हाथ उठाकर अपनी निराश प्रतिद्वंद्वी को शालीनता से गले लगा लिया। पदक समारोह में, जब पूरे स्टेडियम में भारतीय राष्ट्रगान गूंज रहा था, तो उनकी आंखें चमक उठीं।

एक अन्य फाइनल में नुपुर को पोलैंड की तकनीकी रूप से कुशल अगाता काज्मार्स्का से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें रजत पदक मिला। नूपुर अपने लंबे कद के बावजूद मुकाबले में खुद को हावी नहीं कर पाईं। उन्होंने शानदार शुरुआत की और मुक्कों की झड़ी लगा दी, लेकिन काज्मार्स्का ने लगातार आक्रामकता से जवाब दिया और ऐसे वार किए कि भारतीय खिलाड़ी निढाल हो गई। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, नूपुर मुक्के मारने में हिचकिचाने लगीं, जबकि पोलैंड की खिलाड़ी लगातार आक्रमण करती रही।

निर्णायक क्षण अंतिम राउंड में आया जब अगाता ने एक ज़बरदस्त अपरकट लगाया जो मुकाबला 3-2 से उनके पक्ष में करने और उनके पहले विश्व ख़िताब को सुनिश्चित करने के लिए काफी था। इससे पहले सेमीफाइनल में पूजा को स्थानीय खिलाड़ी एमिली एस्क्विथ के हाथों 1-4 के विभाजित फैसले से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। पूजा ने राउंड के बाद अपने नपे-तुले खेल से बढ़त बना ली। लेकिन एस्क्विथ ने तेजी से अपने खेल की रणनीति में बदलाव करते हुए 34 वर्षीय पूजा की लय को बेअसर कर दिया।



# एएफसी महिला एशियाई कप आसान नहीं रहेगा : स्वीटी

## जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे से खेलना होगा

उदयपुर । भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान स्वीटी देवी ने कहा है कि उनकी टीम का लक्ष्य अगले साल होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। स्वीटी के अनुसार एशियाई कप में मुकाबले आसान नहीं रहेंगे। उसे इसमें जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे जैसी मजबूत टीमों के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ऐसे में टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी के लिए उसे इससे पहले होने वाले दोस्ताना मैच में मेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। भारतीय टीम महिला एशियाई कप की शुरुआत में ग्रुप सी में 4 मार्च, 2026 को वियतनाम के खिलाफ शुरुआती मुकबाला खेलेगी। वहीं इसके बाद उसे 7 मार्च को जापान और 10 मार्च को चीनी ताइपे से खेलना होगाहोगा। स्वीटी ने कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए आसान नहीं होगा पर हमारी पूरी तैयारी रहेगी। हम अगले साल मार्च तक कई मैत्री मैच खेलेंगे और उन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। साथ ही कहा कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के किये जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिला फुटबॉल का विकास होगा। इसी कड़ी में जिंक फुटबॉल अकादमी का प्रारंभ होना भी सकारात्मक कदम है। इस महीने क्वालिफायर में मेजबान थाईलैंड को 2-1 से हराकर स्वीटी की कप्तानी में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने टूर्नामेंट के लिए एशियाई कप के क्वालिफाई किया था।

स्वीटी ने कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तानी करने का अवसर मिला। मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करती रहूंगी और अपने फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए प्रयास करूंगी। मुझे भरोसा है कि हमारी टीम में इस प्रकार की क्षमता है हालांकि इसके लिए हमें कठिन प्रयास करने होंगे।

# नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें तो जंग जल्द हो सकती है खत्म

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने की कही बात



**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वह रूस पर सख्त बैन लगाने को तैयार कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए एक शर्त भी रखी है। ट्रंप चाहते हैं कि नाटो के सभी देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। साथ ही सभी नाटो देश रूस पर अपने स्तर से बैन लगाएं। ट्रंप ने यह बात ट्रुथ सोशल पर कही।

उन्होंने इसे नाटो देशों और दुनिया के लिए एक पत्र बताया। ट्रंप ने सुझाव दिया कि नाटो देश चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाएं। इससे रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म करने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने आगे कहा कि चीन का रूस पर काफी प्रभाव है। अगर नाटो ऐसा करता है, तो यह जंग जल्द खत्म हो सकती है। ट्रंप ने नाटो देशों द्वारा रूस से तेल खरीदने को ÷हैरान करने वाला÷ बताया। उनका कहना है कि इससे नाटो की मोलभाव करने की ताकत कमजोर होती है।

यूरोपीय कमीशन जल्द ही रूस के खिलाफ 19वें दौर के प्रतिबंधों की घोषणा करने वाला है, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया जैसे कुछ देश अभी भी रूस से तेल खरीद रहे हैं। फ्रांस और जर्मनी चाहते हैं कि कमीशन रूस की तेल कंपनियों और उन तीसरे देशों पर सख्ती करे, जो रूस के तेल व्यापार में मदद कर रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में रूस के यूक्रेन पर सबसे बड़े हवाई हमले के बाद बैन की धमकी दी थी, लेकिन अभी तक उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे यूक्रेन भी नाराज है। बता दें ट्रंप ने पिछले महीने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि वह रूस पर बैन लगाने को तैयार हैं, बशर्ते नाटो देश भी साथ दें। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर नाटो उनके सुझावों को मानता है, तो यूक्रेन-रूस जंग जल्द खत्म हो सकती है। उन्होंने नाटो को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो वह उनका समय बर्बाद नहीं करेंगे।

## सबसे ज्यादा कारें बेचकर मारुति सुजुकी फिर बनी नंबर-1

**नई दिल्ली ।** बीते अगस्त महीने में सबसे ज्यादा कारें बेचकर मारुति सुजुकी फिर बनी नंबर-1 बन गई है। मारुति सुजुकी ने भारतीय कार बाजार में अगस्त 2025 में कंपनी ने कुल 1,27,905 यूनिट्स की बिक्री की और सबसे ज्यादा गाड़ियां बेचने वाली कंपनी बन गई। सालाना आधार पर इसकी बिक्री में 0.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरे नंबर पर महिंद्रा रही, जिसने 43,632 यूनिट्स बेचे और 7.55 प्रतिशत की सालाना बढ़त हासिल की। तीसरे पायदान पर रही हुंडई को झटका लगा और उसकी बिक्री 2.79 प्रतिशत गिरकर 42,226 यूनिट्स पर आ गई। वहीं, टाटा मोटर्स चौथे नंबर पर रही और उसने 38,286 यूनिट्स बेचीं, जो 3.96 प्रतिशत की गिरावट रही। टोयोटा ने 24,954 यूनिट्स के साथ पांचवां स्थान हासिल किया और 5.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके बाद किआ रही, जिसकी बिक्री 18,212 यूनिट्स रही और इसमें 5.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। स्कोडा फॉक्सवैगन ने 8,111 यूनिट्स बेचीं और 29.16प्रतिशत की भारी बढ़त हासिल की। एमजी ने इस बार 38.86 प्रतिशत की जोरदार सालाना वृद्धि के साथ 5,717 यूनिट्स की बिक्री की। वहीं, होंडा 18.59प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,041 यूनिट्स तक सिमट गई। रेनॉल्ट की बिक्री भी 14.39 प्रतिशत घटकर 2,593 यूनिट्स रह गई। लक्ज़री कार बाजार में मर्सिडीज ने 1,305 यूनिट्स बेचीं और मामूली 1.66प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। बीएमडब्ल्यू ने 25.05प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,273 यूनिट्स की बिक्री की। वहीं, बीवायडी की बिक्री 98.24 प्रतिशत उछलकर 450 यूनिट्स पहुंच गई। कुल मिलाकर, मारुति सुजुकी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारतीय ग्राहकों की पहली पसंद वही है।

## कारोबारी को बिक्री के बाद छूट पर नहीं करनी होगी आईटीसी वापसी

### सीबीआईसी ने लिया बड़ा फैसला, जारी किया नया सर्कुलर

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कारोबारियों के लिए बड़ा फैसला किया है। अब अगर सप्लायर बिक्री के बाद छूट के लिए फाइनेंशियल या कमर्शियल क्रेडिट नोट जारी करते हैं, तो खरीदार को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वापस करने की जरूरत नहीं। यह छूट भले ही कम कीमत पर भुगतान के साथ दी जाए। सीबीआईसी ने एक सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी थी।

सीबीआईसी ने कहा कि फाइनेंशियल या कमर्शियल क्रेडिट नोट से सप्लाई की मूल टैक्सेबल वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ता यानी सप्लायर की मूल जीएसटी देनदारी में कोई बदलाव नहीं होगा।

सर्कुलर में साफ लिखा है कि ऐसी छूट के मामले में खरीदार को अपने इनपुट टैक्स क्रेडिट में कोई कटौती नहीं करनी होगी। इसका मतलब है कि कारोबारी अब बिना किसी चिंता के छूट का फायदा ले सकेंगे।

सर्कुलर में यह भी साफ किया कि मैन्युफैक्चरर द्वारा डीलरों को दी जाने वाली बिक्री के बाद की छूट को सर्विसेज के लिए भुगतान नहीं माना जाएगा। अगर डीलर किसी खास प्रमोशनल गतिविधि जैसे विज्ञापन या को-ब्रांडिंग के लिए समझौते के तहत काम करता है, तो उस सर्विस पर जीएसटी लागू होगा। यह नियम कारोबारियों को अपनी डीलरशिप और प्रमोशनल रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने में मददगार साबित होगा।

केपीएमजी इंडिया के पार्टनर और अप्रत्यक्ष कर के राष्ट्रीय प्रमुख ने इसे एक स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह सर्कुलर मैन्युफैक्चरर और डीलरों के बीच छूट से जुड़े लेनदेन पर पारदर्शिता लाएगा। इससे कारोबारियों को अपने सौदों को अमल में लाने में आसानी होगी और पुराने विवादों में कमी आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ मामलों में, जहां डीलर अंतिम ग्राहकों को विशेष लाभ देने के लिए समझौते करते हैं, वहां कारोबारियों को अपने कॉन्ट्रैक्ट्स और टैक्स स्थिति की दोबारा जांच करनी होगी।

ईवॉय के टैक्स पार्टनर ने कहा कि इस स्पष्टता से जीएसटी नियमों को लागू करना आसान होगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड डिस्काउंट और प्रमोशनल सर्विसेज के बीच सरकार का रुख विवादों को कम करेगा। इससे कारोबारी अब ज्यादा भरोसे के साथ अपने कॉन्ट्रैक्ट्स बना सकेंगे।

## जीएसटी दरें कम होने से आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती और रोजगार के अवसर पैदा होंगे

**नई दिल्ली।**




ऑटोमोबाइल, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, लॉजिस्टिक्स और हस्तशिल्प पर जीएसटी दरें कम होने से आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती मिलेगी और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा होंगे। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई है। वहीं दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, कांच, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एमएसएमई को लाभ होगा।

किफायती साइकिलें गिग वर्कर्स, किसानों और ग्रामीण व्यापारियों के लिए और सस्ती कारें छोटे शहरों में एमएसएमई और डीलरशिप के लिए मददगार साबित होती हैं। ट्रैक्टरों (1800 सीसी से कम) पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी करने से भारत की वैश्विक ट्रैक्टर निर्माण में अग्रणी स्थिति मजबूत होगी और सहायक एमएसएमई को सहायता मिलेगी। वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है, जिससे माल ढुलाई, रसद लागत, मुद्रास्फीति का दबाव कम हुआ है और एमएसएमई ट्रक मालिकों को लाभ होगा। 10+ सीटों वाली बसों पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है, जिससे बेड़े संचालकों, स्कूलों की लागत कम हुई है और मजदूरों के लिए किराया वहनीयता में सुधार आएगा। वहीं खाद्य पदार्थों पर जीएसटी 12 और 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी या शून्य कर दिया गया है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण, लघु-स्तरीय प्रसंस्करणकर्ताओं, क्षेत्रीय ब्रांडों, डेयरी सहकारी समितियों, पैकेजिंग और कोल्ड स्टोरेज से जुड़े एमएसएमई को लाभ होगा। इसके अलावा, चॉकलेट, केक और कन्फेक्शनरी पर जीएसटी कम होने से छोटे मिठाई निर्माताओं की बिक्री बढ़ेगी। दूध और पनीर पर जीएसटी शून्य होने, मक्खन और घी पर 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने से डेयरी क्षेत्र को लाभ होगा। दूध के डिब्बों पर जीएसटी 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है।

# नेपाल में अंतरिम सरकार गठन के बाद हालात सुधरे, व्यापारिक गतिविधियां भी शुरु

**नई दिल्ली।**

अंतरिम सरकार गठन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हालात सामान्य होने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को रुपईडीहा बॉर्डर से यात्री वाहन, कार, बाइक, पैदल और मालवाहक ट्रक गुजरते नजर आए। बड़ी संख्या में कारोबारी ट्रक नेपाल में दाखिल हुए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी शुरु हो गई हैं। हालांकि, आम नागरिकों की आवाजाही अब भी सीमित है।इन सबके बीच, सीमा चौकियों पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और नागरिकों व वाहनों की निगरानी कर रही हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक हालात पहले की तुलना में शांत हैं और आने वाले दिनों में सामान्य जनजीवन बहाल होने की उम्मीद है। दरअसल, नेपाल में हाल ही में हुए बड़े पैमाने पर जेन-जी विरोध-प्रदर्शनों ने पूरे देश में हाहाकार मचा दिया था। प्रदर्शन की शुरुआत सरकार द्वारा कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बैन लगाने से हुई थी, लेकिन यह आंदोलन भ्रष्टाचार, राजनीतिक भाई-भतीजावाद, आर्थिक असमानता और युवाओं में बेरोजगारी को लेकर बड़ी लहर में बदल गया। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म डिस्कॉर्ड जैसे माध्यमों ने इस नेतृत्वविहीन आंदोलन को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई। देखते-ही-देखते हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलन हिंसक झड़पों में बदल गया, जिसमें कई लोगों की जान भी गई और सरकारी भवनों, राजनीतिक दलों के दफ्तरों समेत बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। देशभर में बढ़ते जन दबाव और हिंसा की घटनाओं के बीच पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद नेपाल की राजनीति में अहम बदलाव हुए और पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया। सरकार बदलने और नई व्यवस्था बनने के बाद अब भारत-नेपाल सीमा पर हालात स्थिर होते नजर आ रहे हैं।

## ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड देगी अपने शेयरधारकों को डिविडेंड

**मुंबई ।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को गुड न्यूज दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2.50 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने की घोषणा की है। यह डिविडेंड 1 रुपये के फेस वैल्यू पर 250 फीसदी का भुगतान है। अगर किसी निवेशक के पास कंपनी के 1,000 शेयर हैं, तब उस निवेशक को 2,500 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। कंपनी ने 29 अगस्त को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि डिविडेंड का भुगतान उन शेयरधारकों को होगा, जिनके नाम 15 सितंबर 2025 (सोमवार) को कारोबार खत्म होने तक रजिस्टर ऑफ मेंबर्स या बेनिफिशियल ओनर्स की लिस्ट में शामिल है। यह तारीख रिकॉर्ड डेट के रूप में तय की गई है। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने बीते पांच सालों में लगातार 2.50 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड दिया है। पिछले साल 2024 में डिविडेंड की एक्स-डेट 13 सितंबर थी, और बुक क्लोजर 17 सितंबर से 27 सितंबर तक रहा। साल 2023 में एक्स-डेट 18 सितंबर थी, और बुक क्लोजर 19 सितंबर से 29 सितंबर तक था। 2022 में एक्स-डेट 12 सितंबर और बुक क्लोजर 14 से 27 सितंबर तक रहा।




## जीएसटी में हुए बदलाव को भुनाने की तैयारी में बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों.....22 सितंबर से शुरू हो रही सेल

**मुंबई ।** फ्लिपकार्ट और अमेजन सहित तमाम बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों ने त्यौहारों का दौर शुरू होने से पहले बदली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था का फायदा उठाने की तैयारी पूरी कर ली है। दरें बदलने से साल 2025 के त्यौहारी बिक्री 27 फीसदी बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ई-कॉमर्स कंपनियों को त्यौहारों में जमकर खरीदारी होने की उम्मीद है। इसीलिए उन्होंने अपने प्लेटफॉर्म अपडेट कर लिए हैं और हजारों विक्रेताओं को 22 सितंबर से लागू होने वाले नए कर कोड के बारे में प्रशिक्षित किया है। एक प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बैकएंड सॉल्यूशन तैयार करने, विक्रेताओं को बदले जीएसटी कोड की जानकारी देने और नई कर व्यवस्था के हिसाब से ढलने में प्रौद्योगिकी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारे विक्रेताओं के लिए नियमों का पालन करना और सुगमता के साथ कारोबार करना बहुत आसान हो गया है। त्यौहारी सीजन नजदीक आने के कारण हमें जबरदस्त मांग और खपत में तेज इजाफे की उम्मीद है।' जीएसटी व्यवस्था में आए बदलाव से त्यौहारों में बिक्री और तेज होने की उम्मीद है क्योंकि जब खरीदारी चरम पर होगी, तब कर में बचत का फायदा उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। इससे बिक्री में 15-20 फीसदी इजाफा अलग से होने की संभावना है। नई जीएसटी व्यवस्था में कई दरें हटाकर केवल 5 और 18 फीसदी दरों के स्लैब लागू हैं। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि जीएसटी दर में जो अंतर आया है, उससे खरीदार कुल मिलाकर 10 फीसदी तक बचत कर सकते हैं। त्यौहारी बिक्री के दौरान यह आंकड़ा करीब 1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। टीवी, एसी और घरेलू उपकरण जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खास तौर पर बचत होगी। करों में सुधार बहुत अहम समय पर किया गया है और त्यौहारों से ठीक पहले इसके लागू होने से ई-कॉमर्स कंपनियों की बिक्री की रफ्तार काफी बढ़ सकती है। कुछ ई-कॉमर्स कंपनियों ने 22 सितंबर से पहले ही सेल शुरू कर दी हैं ताकि मौजूदा माल को खपाया जा सके।

## होंडा इलेवेट पर 1.80 लाख रुपये तक का मिल रहा फायदा

**नई दिल्ली ।**




होंडा कार्स इंडिया की मिड-साइज एसयूवी इलेवेट पर डिस्काउंट के चलते 1.80 लाख रुपये तक का फायदा मिल रहा है। इसमें टैक्स में कटौती से 58,400 रुपये और कंपनी ऑफर से 1.22 लाख रुपये का अतिरिक्त लाभ शामिल है। होंडा इलेवेट की एक्स-शोरूम कीमत 11.91 लाख रुपये से शुरू होती है। इस एसयूवी का मुकाबला मारुति ग्रांड विटारा, हयूदै क्रेटा और किआ सेलटॉस से है। इलेवेट में 1.5-लीटर वीटेक पेट्रोल इंजन है, जो 121पीएस पावर और 145एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसे 6-स्पीड मैनुअल और सीवीटी ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ पेश किया गया है। नए जीएसटी 2.0 के तहत छोटी पेट्रोल, सीएनजी और डीजल कारों पर टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, लग्जरी और एसयूवी कारों पर टैक्स पहले 50प्रतिशत था, जिसे घटाकर 40प्रतिशत कर दिया गया है। इसका फायदा होंडा इलेवेट जैसी मिड-साइज एसयूवीएस के खरीदारों को सीधे तौर पर मिलेगा। एसयूवी में 360 डिग्री कैमरा, अडास फीचर्स, 6 एयरबैग, वायरलेस चार्जिंग, 10.25-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम और होंडा सेनसिंग स्यूट जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी दी गई है। इसके टॉप झेडएक्स वेरिएंट में प्रीमियम लेदर अपहोल्स्ट्री और सनरूफ जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

# इस सप्ताह 5 कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे, निवेशकों को दांव लगाने का मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।**

प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते पाच कंपनियों के आईपीओ ओपन हो रहे हैं। इसमें तीन कंपनियों के आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। वहीं दो कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड के हैं। टेक डिफेंस लैब आईपीओ का साइज 38.99 करोड़ रुपए है। यह आईपीओ सोमवार को खुल रहा है। निवेशकों के पास 17 सितंबर तक दांव लगाने का मौका है। टेक डिफेंस लैब आईपीओ का प्राइस बैंड 183 रुपए से 190 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने 600 शेयरों का एक लॉट बनाया है। किसी भी रिटेल निवेशक को कम से कम दो लॉट पर एक साथ दांव लगाने होंगे। टेकडी साइबरसिक्योरिटी लिमिटेड एनएसई का आईपीओ ग्रे मार्केट में कंपनी में 160 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जो कि निवेशकों के नजरिए से अच्छा है।


सम्पत एल्युमिनियम आईपीओ 17 सितंबर से 19 सितंबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 114 रुपए से 120 रुपए प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। सम्पत एल्युमिनियम आईपीओ का लॉट साइज 1200 शेयरों का है, लेकिन एक रिटेल निवेशक को कम से कम 2,88,000 रुपए का इंवेस्टमेंट करना होगा। इस एसएमई सेगमेंट के आईपीओ का जीएमपी 18 रुपए है।

जेडी केबल्स आईपीओ 18 सितंबर को खुलेगा। निवेशकों के पास 22 सितंबर तक दांव लगाने का मौका है। एसएमई सेगमेंट के आईपीओ का लॉट साइज 800 शेयरों का है। एक रिटेल निवेशक को कम से कम 1600 शेयरों पर दांव लगाना होगा। बता दें इस आईपीओ का जीएमपी आज 25 रुपए प्रति शेयर है।




यूरो प्रतीक सेल्स आईपीओ यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। कंपनी के आईपीओ का साइज 451.31 करोड़ रुपए का है। यूरो प्रतीक सेल्स आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 16 सितंबर को खोला जाएगा। निवेशकों के पास 18 सितंबर तक दांव लगाने का मौका होगा। मेनबोर्ड आईपीओ का प्राइस बैंड 235 रुपए से 247 रुपए प्रति शेयर है। आईपीओ का लॉट साइज 60 शेयरों का है, जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14,820 रुपए का दांव लगाना होगा। वीएमएस टीएमटी आईपीओ यह भी एक मेनबोर्ड आईपीओ है। कंपनी का आईपीओ 17 सितंबर को ओपन होगा। निवेशकों के पास 19 सितंबर तक का मौका होगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 94 रुपए से 99 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने 150 शेयरों का एक लॉट बनाया है, जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14850 रुपए का दांव लगाना होगा। इस आईपीओ का जीएमपी 18 रुपए प्रति शेयर है।

## पॉपुलर सेडान विरटस की कीमतों आएगी कमी




**नई दिल्ली ।** अपनी पॉपुलर सेडान विरटस पर नए जीएसटी नियम लागू होने के बाद फॉक्सवैगन इंडिया ने बड़ी राहत की घोषणा की है। फॉक्सवैगन इंडिया ने बताया कि 22 सितंबर से कार की कीमत पर टैक्स में 66,900 रुपये तक की कमी आएगी। इसका मतलब है कि अब यह लग्जरी सेडान और भी किफायती दाम पर मिलेगी। विरटस की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.54 लाख रुपये है। फॉक्सवैगन विरटस दो इंजन विकल्पों में आती है 1.0 एल टीएसआई (999सीसी, 3 सिलेंडर) और 1.5एल टीएसआई ईवो (1498सीसी, 4 सिलेंडर)। इसमें 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड ऑटोमैटिक और 7-स्पीड डीएसजी ट्रांसमिशन का विकल्प दिया गया है। फीचर्स की बात करें तो कार में 10.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एपल कारप्ले, वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड लेदर सीट्स, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल और क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स मिलते हैं। सेफ्टी के लिए इसमें 6 एयरबैग्स, ईएससी, एलईडी हेडलैंप्स और रिवर्स कैमरा दिया गया है। नए जीएसटी 2.0 में छोटी और लग्जरी कारों पर टैक्स दरों में बदलाव हुआ है। पहले जहां लग्जरी कारों पर 50प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था, वहीं अब इसे घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे ग्राहकों को खरीदारी में सीधा फायदा मिलेगा। विरटस को जीटी लाइन, हाईलाइन, टॉपलाइन, स्पोर्ट और क्रोम वैरिएंट में खरीदा जा सकता है। यह 6 एक्सटीरियर कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है।

# अडाणी पावर बिहार में लगाएगी नया बिजली संयंत्र, 3 अरब डॉलर का करेगी निवेश

## यह संयंत्र भगलपुर के पिरपैंती में बनेगा, 2400 मेगावाट का होगा संयंत्र

**पटना।**

अडाणी पावर ने बिहार में एक नया बिजली संयंत्र लगाने की घोषणा की है। यह संयंत्र 2400 मेगावाट का होगा और इसमें करीब 26,482 करोड़ रुपए यानी 3 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। यह संयंत्र भगलपुर जिले के पिरपैंती में बनेगा। कंपनी ने बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) के साथ 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति का समझौता किया है।

अडाणी पावर को यह प्रोजेक्ट अगस्त में मिला था। कंपनी ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के लिए सबसे कम 6.075 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली देने का वादा किया। इस संयंत्र में तीन यूनिट होंगी, और प्रत्येक यूनिट 800 मेगावाट की होगी। इसे डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत बनाया जाएगा। कंपनी का लक्ष्य 60 महीनों में इस संयंत्र को शुरू करने का है।

इस संयंत्र के लिए कोयले की आपूर्ति भारत सरकार की शक्ति नीति के तहत की जाएगी। निर्माण के दौरान 10,000 से 12,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार दिया जाएगा। संयंत्र शुरू होने के बाद करीब 3,000 लोगों को नियमित नौकरी मिलेगी। अडाणी पावर जो गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी ग्रुप का हिस्सा है, भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट




थर्मल पावर कंपनी है। इसकी कुल स्थापित थर्मल पावर क्षमता 18,110 मेगावाट है। बीते शुक्रवार को कंपनी के शेयर 3.88 फीसदी की गिरावट के साथ 648.65 रुपए पर बंद हुआ था। कंपनी का मार्केट कैप 2,50,180.34 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयरों ने दो साल, तीन साल और पांच साल में क्रमश÷ 67.98 फीसदी, 63.10 और 1634.36 फीसदी का रिटर्न दिया है।

## अगस्त में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी

**नई दिल्ली।**

अगस्त 2025 में भारतीय बाजार में कार बिक्री के आंकड़े जारी हुए हैं। अगस्त महीने में बिक्री के मामले में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी। एमपीवी सेगमेंट की इस कार ने 18,365 यूनिट्स की बिक्री के साथ देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनकर सबको पीछे छोड़ दिया। दूसरे नंबर पर मारुति सुजुकी डिजायर रही, जिसकी बिक्री 55 प्रतिशत बढ़कर 16,509 यूनिट्स रही। तीसरे पर हयूदै क्रेटा रही, हालांकि इसकी बिक्री 5 प्रतिशत घटकर 15,924 यूनिट्स रही। चौथे पर वेगनआर रही, जिसकी बिक्री 14,552 यूनिट्स रही। टॉप-5 में टाटा नेक्सान भी शामिल रही, जिसने 14,004 यूनिट्स बेचीं। वहीं, मारुति ब्रेझा की बिक्री 29 प्रतिशत गिरकर 13,620 यूनिट्स रही। इसके अलावा बलेनो (12,549 यूनिट्स), फ्रोंक्स (12,422 यूनिट्स) और स्वीफट (12,385 यूनिट्स) ने टॉप-10 में जगह बनाई। दसवें नंबर पर मारुति इको रही, जिसकी बिक्री 10,785 यूनिट्स रही। महिंद्रा स्कार्पियो 9,840 यूनिट्स के साथ 12वें स्थान पर रही, जबकि टोयोटा इनोवा 9,304 यूनिट्स के साथ 13वें स्थान पर। किआ सोनेट, महिंद्रा बोलेरो और हयूदै वेन्यू ने भी अच्छी बिक्री दर्ज की। 25वें नंबर पर टोयोटा ग्लांझा रही, जिसकी 5,102 यूनिट्स बिकीं।



## करण जौहर ने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट पर की बात

फिल्मकार करण जौहर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वे यहां पर अपनी फिल्म और लाइफ से जुड़ी अपडेट्स साझा करते रहते हैं। आज उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इसमें उन्होंने टॉक्सिक लोगों के नुकसान और सफलता के सीक्रेट फैंस के साथ साझा किए हैं। करण जौहर ने इस पोस्ट में कई स्लाइड्स शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपने विचार फैंस के साथ साझा किए हैं। इन्हें शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, विचार जिनसे मैं सहमत हूं।

पहली स्लाइड में उन्होंने लिखा, नियम 1- वे जो सोचते हैं, उससे कोई लेना-देना नहीं। दूसरी स्लाइड पर लिखा था, कभी-कभी आपकी कीमत तब तक नहीं दिखती जब तक आपकी अनुपस्थिति का एहसास न हो। तीसरी स्लाइड पर लिखा है, एक रिमाइंडर- टॉक्सिक लोगों को नजरअंदाज करना खुद की देखभाल करना है। अन्य स्लाइड्स में लिखा था, अगर आप छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाते हैं, तो आप बड़े काम नहीं कर सकते। सीखने लायक बनें। आप हमेशा सही नहीं होते। ऐसे लोगों को चुनें जो आपको चुनते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जो आपका साथ कभी नहीं देंगे क्योंकि वो आप हैं। फिर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो हमेशा आपका साथ देंगे क्योंकि वो आप हैं। आपको बस अपने लोगों को ढूंढना है। फिल्मों की बात करें तो करण जौहर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इसे शशांक खेतान ने लिखा और डायरेक्ट किया है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले इसे बनाया गया है।

इस रोमांटिक कॉमेडी में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, और अक्षय ओबेरॉय जैसे कलाकार हैं। यह दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा उनका प्रोडक्शन हाउस फिल्म 'मिराय' को हिंदी में रिलीज कर रहा है। इसमें दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता तेजा सज्जा लीड रोल निभाते दिखाई देंगे। इसके लिए करण जौहर ने तेजा का खास इंटरव्यू लिया था, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसमें करण जौहर ने बताया था कि इतने कम बजट में इतनी शानदार फिल्म बनाना उनकी कल्पना के परे था।



# सई मांजरेकर ने बताया साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में अंतर

फिल्म इंडस्ट्री में बॉलीवुड और साउथ इंडियन सिनेमा की अक्सर तुलना की जाती रहती है। इस पर अब अभिनेत्री सई मांजरेकर ने भी बात की है। वो दोनों ही इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। उन्होंने बताया है कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री में क्या अंतर है। सई मांजरेकर ने इस बारे में बात करते हुए कहा, मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती, कहानी और लोगों से जुड़ने का तरीका ही मायने रखता है। फिलहाल मैं बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं, लेकिन मैं किसी समय एक अच्छी मराठी फिल्म भी जरूर करना चाहूंगी। जब तक पटकथा मुझे उत्साहित करती है और निर्देशक का दृष्टिकोण मजबूत है, मैं अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हूं।

बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की तुलना पर सई ने कहा, दोनों में काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी एक अलग कार्यशैली और जादू होता है। बॉलीवुड असाधारण भावनाओं और कहानियों को पेश करने के तरीके का जश्न मनाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन की एक अद्भुत भावना और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा है, जिसकी मैं सचमुच प्रशंसा करती हूं। दोनों ही दुनिया ने मुझे अलग-अलग तरीकों से आकार दिया है। मेरे लिए यह खुद को निखारने का मौका भी है, मैं

### भाग्यशाली हूं कि मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला है

इससे पहले सई मांजरेकर ने एक पोस्ट में कहा था कि उनके पिता हमेशा से उनकी प्रेरणा रहे हैं, लेकिन कभी भी उनका शॉर्टकट नहीं रहे। मतलब कभी उन्होंने अपने पिता के नाम का फायदा नहीं उठाया। पहली बार जब सई ने एक्टिंग करने का फैसला किया तब उनके पिता ने एक्ट्रेस को सपोर्ट किया था और साथ ही कहा था कि इसके लिए सई को खुद ही मेहनत करनी होगी और वे किसी फिल्म के लिए उनकी सिफारिश नहीं करेंगे। अभिनेत्री हाल ही में तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म 'अर्जुन सन ऑफ वैजयंती' में नजर आई थीं। प्रदीप चिलुकुरी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नंदमुरी कल्याण राम, विजय शांति, सोहेल खान और श्रीकांत जैसे सितारे भी हैं। अभी एक्ट्रेस ने अपनी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है।



## कावेरी प्रियम ने बताया क्यों आकर्षक लगा उन्हें 'दूरियां' का किरदार

अभिनेत्री कावेरी प्रियम ये रिश्ते हैं प्यार के और जिद्दी दिल माने ना जैसे धारावाहिकों में यादगार अभिनय के लिए मशहूर हैं। इन दिनों वो यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रहे शो दूरियां में सोनिया का किरदार निभाती दिखाई दे रही हैं। कावेरी प्रियम ने यह किरदार क्यों चुना और यह उनके दूसरे किरदारों से कैसे अलग है, उन्होंने एक इंटरव्यू में इसके बारे में बताया। अभिनेत्री इस शो में एक ऐसी महिला का रोल प्ले कर रही हैं, जो प्रोफेशनल लाइफ में तो बड़ी मजबूत है, लेकिन पर्सनल लाइफ में काफी संघर्ष करती है। कावेरी प्रियम ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, सोनिया के किरदार की जटिलता ने मुझे इसकी तरफ तुरंत आकर्षित किया। वह न सिर्फ एक मजबूत महिला है, बल्कि एक तरीके से कमजोर भी है। पेशेवर तौर पर वह महत्वाकांक्षी और आत्मविश्वासी है, लेकिन निजी जिंदगी में वह असुरक्षित और बेहद भावुक है। इस किरदार का यही द्वंद्व उसे मेरे लिए आकर्षक बनाता है। कावेरी मानती हैं कि सोनिया के किरदार के लिए तैयारी करने का मतलब था कि उन असली महिलाओं को देखना जो काम पर अपनी ताकत और घर पर अपनी कमजोरी के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के किरदार निभाना उन्हें पसंद हैं, जो उन्हें कुछ नया करने की चुनौती दे। कावेरी ने कहा, मैं जानबूझकर स्क्रीन पर खुद को दोहराने से बचती हूं। सोनिया ने मुझे एक ही भूमिका में महत्वाकांक्षा, जुनून, कमजोरी और दिल टूटने का अहसास दिखाने का मौका दिया। मैं कई परतों वाली खामियों से भरे किरदारों और ऐसी कहानियों को तलाशना पसंद करती हूं, जो मुझे चुनौती दें, फिर चाहे वो फिल्म, ओटीटी, या टीवी किसी से भी जुड़े क्यों न हों।

## तनाव की वजह से बीच में छोड़ा था एक सीरियल

टीवी एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी को 'प्यार की एक कहानी', 'सरस्वती चंद्र', और 'बहु हमारी रजनीकांत' जैसे सीरियल्स के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर के मुश्किल दौर को याद किया। साथ ही बताया कि कैसे काम के तनाव की वजह से उन्हें एक सीरियल को बीच में ही छोड़ना पड़ गया था। इंटरव्यू में वाहबिज ने कहा, हां, मैंने एक शो बीच में ही छोड़ दिया था। मेरे जाने के कुछ दिनों बाद वो शो बंद हो गया क्योंकि शो उन पर ही आधारित था। सच कहूं तो काम के तनाव ने मुझ पर बहुत बुरा असर डाला था। मुझे मधुमेह था और ये गंभीर स्थिति तक पहुंच गया था। डॉटर्स ने मुझे आराम करने की सलाह दी थी। इसलिए मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं खुद पर, अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। रिश्तों के मामले में मैं बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं 90 के दशक के ह्श्वयार में विश्वास करती हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहती हूं जो मेरे जीवन में कुछ अर्थ जोड़े, जो मेरे बराबर का हो, महत्वाकांक्षी हो, फिर भी परिवार के प्रति समर्पित हो। मुझे आजकल के स्वाइप कल्चर से बहुत डर लगता है। टीवी इंडस्ट्री के बिजी शेड्यूल पर भी उन्होंने बात की। वाहबिज दोराबजी ने अपनी राय रखते हुए कहा, टेलीविजन बहुत ही डिमांडिंग इंडस्ट्री है। जब आप इस दुनिया में आते हैं तो आपको पता होता है कि आप या करने जा रहे हैं। कभी- कभी प्रसारण का दबाव होता है और आप अपने प्रोडशन को कम नहीं कर सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि हमारा शरीर इतना दबाव नहीं झेल पाता। मेरा मानना है कि आज की दुनिया को एक संतुलित और समग्र जीवनशैली की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर काम का समय सीमित कर दिया जाए, तो कलाकारों के अभिनय में निखार आएगा, वे स्वस्थ रहेंगे, और उत्पादकता भी बढ़ेगी। इससे सबको फायदा होगा।



# हर इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं तेजा सज्जा

**तेलुगु एक्टर तेजा सज्जा की पैन इंडिया फिल्म 'मिराई' रिलीज हो गई है। इस फिल्म को नॉर्थ इंडिया में रिलीज करने का जिम्मा बॉलीवुड फिल्ममेकर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन ने ली है। इससे पहले तेजा की पैन इंडिया फिल्म 'हनुमान' को भी हिंदी ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। बातचीत में एक्टर ने हिंदी ऑडियंस और अलग-अलग भाषाओं में काम करने पर अपनी राय साझा की है।**

### आपकी फिल्म हनुमान को हर भाषा में ऑडियंस का प्यार मिला था। क्या आपको हिंदी इंडस्ट्री से ऑफर मिले?

हां, मुझे ऑफर्स आए थे। मैं जो भी फिल्म करता हूं, उसे लेकर काफी कंसर्न रहता हूं। मैं कोई भी प्रोजेक्ट तभी करता हूं, जब मैं अंदर से उसके लिए एक्साइटेड होता हूं। भाषा मेरे लिए प्रॉब्लम नहीं है। फिल्ममेकर कहीं से भी आ सकते हैं। आज कन्नड़ डायरेक्टर प्रशांत नील सर प्रभाष के साथ फिल्म बना रहे हैं। मेरी फिल्म हनुमान के डायरेक्टर कन्नड़ एक्टर ॠषभ शेट्टी के साथ फिल्म बना रहे हैं तो भाषा कहीं से दिक्कत नहीं है। हमारे इंडियन सिनेमा में मुझे किसी भी भाषा का कोई भी फिल्ममेकर फिल्म ऑफर कर सकता है और उसका पार्ट बनकर मुझे खुशी होगी।

### 'हनुमान' की वजह से बच्चों में आपकी काफी फैन-फॉलोइंग है। इसे आप कैसे देखते हैं?

मैं जानता हूं कि मैं जो फिल्में कर रहा हूं, वो बच्चों को बहुत पसंद आ रही हैं। इसलिए मैंने सोच-समझकर फैसला लिया है कि मेरी फिल्म साफ-सुथरी होंगी। सभी बच्चों को पसंद आनी चाहिए। मेरी फिल्मों में कूल अंदाज में नैतिकता को दिखाया जाएगा। मिराई में एक्शन की एक नई दुनिया देखने मिलेगी। अपने इतिहास को जिस अंदाज में हम ऑडियंस को बताने जा रहे हैं, मुझे पूरा भरोसा है कि बच्चों को ये भी पसंद आएगी।

### आप पर्दे पर साउथ के कई बड़े नामों का बचपन निभा चुके हैं। उनकी तरफ से आपकी फिल्मों को लेकर क्या रिस्पॉन्स मिलता है?

'मिराई' को देख चिरंजीवी सर ने मुझे और प्रोड्यूसर दोनों के लिए लंबा-चौड़ा मैसेज भेजा था। प्रभाष सर को 'मिराई' का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में टॉप के जो भी लोग हैं, अगर वो देखते हैं कि कोई अपनी लिमिट से बाहर जाकर मेहनत कर रहा है, तो वो उसे मोटिवेट करते हैं।

### अगर कभी मौका मिले तो किस भगवान का रोल निभाना चाहेंगे?

मैं अभी कुछ बताना नहीं चाहता हूं। मेरी एक बड़े कोलैबरेशन के लिए बातचीत चल रही है। उसमें भगवान का रोल नहीं है लेकिन उसमें हमारे इतिहास से जुड़ा एक किरदार है। इस पर अभी बात चल रही है इसलिए मैं आपको बता नहीं सकता हूं।





# अच्छी कहानी मिले तो मैं जरूर करूंगा एलजीबीटीक्यू किरदार

**अपनी सीरीज राणा नायडू सीजन 2 के लिए चर्चा बटोर चुके राणा दग्गुबाती बाहुबली के भल्लालदेव के किरदार के रूप में लोकप्रिय रहे हैं। अभिनेता ही नहीं निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में वे सिनेमा की बारीकियों को भी खूब जानते हैं। इस बार वे सनडांस फिल्म फेस्टिवल में विजेता साबित हुई मराठी फिल्म साबर बोंडा से जुड़े हैं।**

### बॉक्स ऑफिस इस वक्त काफी अनिश्चित दौर से गुजर रहा है, आपका क्या कहना है?

मुझे लगता है, बॉक्स ऑफिस एक न्यूट्रल चीज है। यह फिल्म के अच्छे या बुरे होने पर निर्भर करता है। बॉक्स ऑफिस का समय के साथ कोई रिलेशन नहीं होता। कांतारा, एनीमेशन फिल्म महावतार नरसिम्हा और कई इंडिपेंडेंट तमिल-तेलुगू फिल्मों ने भी बहुत अच्छा बिजनेस किया। जैसे कांतारा 15 करोड़ की फिल्म थी, मगर उसने 500 करोड़ का बिजनेस किया था। सिनेमा में अच्छा-बुरा दौर चलता रहता है। दर्शकों को वैरायटी चाहिए होती है, मगर मेकर्स की प्रॉब्लम ये है कि अगर एक्शन या लव स्टोरी चल गई, तो वे लगातार उसी तरह की फिल्म बनाने में लग जाते हैं। मगर इंडिपेंडेटंट फिल्मों की लागत बड़ी फिल्मों की तुलना में कम होती है, तो बॉक्स ऑफिस पर इनके सर्वाव करने के चांसेज ज्यादा होते हैं।

### स्टार्स अगर अपनी फीस कम करें, तो फिल्म के बजट को कंट्रोल में लाया जा सकता है?


स्टार्स की फीस का सवाल पूरी तरह पर्सनल चॉइस है। अगर उनकी फीस ज्यादा लगती है, तो मेकर्स न्यूकमर्स के साथ फिल्म बना सकते हैं। हर कोई अपनी वैल्यू की कीमत मांगता है और कई प्रोड्यूसर उसे देने को तैयार भी होते हैं। असल मसला भरोसे का है। क्या आप नए डायरेक्टर्स या नए चेहरों पर दांव लगाने को तैयार हैं? बहुत कम लोग ऐसा करते हैं। जबकि दूसरी इंडस्ट्रीज़ में देखें तो नानी, विजय देवरकोंडा जैसे एक्टर्स नए डायरेक्टर्स के साथ काम करते हैं और तरुण भास्कर जैसे फिल्ममेकर्स ने पहली ही फिल्म में खुद को साबित किया। सलमान दुलकर ने भी नए डायरेक्टर सेल्वा के साथ काम किया। यहां यही कमी है कि लोग एक-दूसरे पर यकीन नहीं करते। आखिरकार, फिल्म को उसकी कहानी और मेरिट पर तौला जाना चाहिए। अगर ऐसा हो, तो बजट, फीस और बाकी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी।

### वो दौर कैसा था, जब आपको एक आंख से दिखाई नहीं देता था? आप कई तरह की सर्जरी से भी गुजरे?

हर इंसान की जिंदगी में मुश्किलें आती हैं, लेकिन वही चुनौतियां इंसान को मजबूत बनाती हैं। मेरे लिए उस कठिन दौर में सबसे बड़ा सहारा मेरा परिवार और सिनेमा रहा। विजुअली इंपेयर्ड होने की कमी को ही मैंने अपनी ताकत बना लिया। पढ़ाई, डिबेट, ड्रामा, हर जगह अच्छा करता था, और स्टेज परफॉर्मेंस के वक्त मुझे ऑडियंस दिखती ही नहीं थी, तो स्टेज फ़ियर का सवाल ही नहीं था। एक्शन सीन के दौरान भी मैं बिंदास परफॉर्म करता हूं।

### साबर बोंडा जैसी एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी की मराठी फिल्म से जुड़ने का क्या कारण रहा?

दर्शकों को हमेशा नया कंटेंट चाहिए, लेकिन पिछले दस सालों में ऐसे सिनेमा को वो प्लेटफॉर्म नहीं मिला जिसकी जरूरत थी। कुछ फिल्में ओटीटी या इंटरनेशनल फेस्टिवल्स तक तो पहुंचती हैं, मगर आम दर्शक तक नहीं। जैसे निर्देशक रोहन कानावड़े की यह फिल्म सनडांस फिल्म फेस्टिवल में विजेता साबित होने वाली दक्षिण एशिया की पहली फिल्म थी। पहले श्याम बेनेगल, के. विश्वनाथ, के. बालाचंदर जैसे फिल्मकार सामाजिक मुद्दों की आवाज हुआ करते थे। आम समाज में या दूसरे क्षेत्रों में भले इन्हें टैबू समझा जाता हो, मगर सिनेमा और आर्ट्स ने हमेशा इनका स्वागत किया है। कई डिजाइनर्स और क्रिएटिव लोग ऐसे हैं, जिनके साथ मैंने काम किया है इस फिल्म का हैपी एंडिंग भी लोगों का नजरिया बदलेगी। जहां तक एलजीबीटीक्यू किरदार निभाने की बात है, तो जरूर, यदि मुझे कोई अच्छी कहानी मिले तो मैं जरूर करूंगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in